Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 356 | सोमवार, 29 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## यूपीः प्रदेश में भीषण शीतलहर का असर

# सीएम ने दिए आदेश, कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूल एक जनवरी तक बंद

**लखनऊ।**

यूपी में भीषण सर्दी को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कक्षा एक से लेकर 12 तक के सभी स्कूलों को एक जनवरी तक बंद करने के आदेश दिए हैं। उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड और भीषण शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़े कदम उठाए हैं। सीएम ने प्रदेश के सभी बोर्डों (कउरए, उइरए और यूपी बोर्ड) के कक्षा 12वीं तक के स्कूलों को 1 जनवरी तक बंद करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि शीतलहर के दौरान बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान स्कूल पूरी तरह से बंद रखे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने शासन और प्रशासन के आला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्वयं क्षेत्रों में



भ्रमणशील रहकर जमीनी हकीकत का जायजा लें। सीएम ने कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए हर जिले के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव और कंबलों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी के अनुसार, राजधानी में शीतलहर, घना कोहरा होने एवं मौसम विभाग के पूवार्नुमान को देखते रखते हुए यह फैसला लिया गया है। कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक संचालित सभी परिषदीय, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय व सभी बोर्डो से मान्यता प्राप्त विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में 29 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक अवकाश रहेगा। उत्तर प्रदेश में हो रही भीषण ठंड लोगों की कंपकंपी छुड़ा रही है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी और वहां से आ रही सर्द पछुआ हवाओं के साथ घना कोहरा लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में अगले तीन दिनों तक इस गलन और कोहरे से राहत की संभावना नहीं है। सोमवार के लिए प्रदेश के 37 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर समेत 12 जिलों में दिन के तापमान में भारी गिरावट यानी शीत दिवस की चेतावनी जारी किया गया है।

> रविवार को घने कोहरे की वजह से आगरा, प्रयागराज, कानपुर और सहारनपुर में दृश्यता शून्य हो गई। वहीं फतेहपुर में 10 मी., मेरठ में 15 मी. और हमीरपुर में 20 मीटर दृश्यता दर्ज हुई। 6.7 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ मेरठ और इटावा में सबसे ठंडी रात रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक ठंड और कोहरे से राहत के आसार नहीं हैं। अगले तीन दिनों के लिए प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में कोहरे का प्रकोप रहेगा। इसके बाद दिन में हल्की धूप और पारे में मामूली बढ़त से राहत की परिस्थितियां बनेंगी।

## मेक्सिको में बड़ा हादसा, पटरी से उतरी ट्रेन, 13 लोगों की मौत




**नई दिल्ली।**

मैक्सिको के ओक्साका के दक्षिणी राज्य में एक ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी।

मैक्सिकन नौसेना ने बताया कि निजांडा शहर के पास पटरी से उतरी ट्रेन में 250 लोग सवार थे, जिनमें नौ क्रू मेंबर और 241 यात्री शामिल थे। ट्रेन में सवार लोगों में से 193 लोगों को खतरे से बाहर बताया गया, जबकि 98 लोग घायल हुए। इनमें से 36 लोगों को मेडिकल सहायता दी जा रही थी। राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने एक्स पर कहा कि घायल हुए पांच लोगों की हालत गंभीर है और बताया कि मारे गए लोगों के परिवारों की मदद के लिए सीनियर अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा गया है। मेक्सिको के अटॉर्नी जनरल के ऑफिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। इंटरओशनिक ट्रेन का उद्घाटन 2023 में पूर्व राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने किया था, यह बड़े इंटरओशनिक कॉरिडोर प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

## मध्य प्रदेश में नर बाघ की हत्या, झाड़ियों में मिला शव



**नई दिल्ली।**

मध्य प्रदेश के सागर जिले में रविवार को झाड़ियों के बीच नर बाघ का पांच-छह दिन पुराना शव मिला है। बिजली का करंट लगाकर उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है।

बाघ का शव दक्षिण वन मंडल के ढाना परिक्षेत्र से लगे ग्राम हिलगन व खांड़ के बीच जिस जगह पड़ा था, वह राजस्व एरिया है। लोगों का कहना है कि बाघ की मौत कहीं और हुई है, यहां लाकर उसे फेंका गया है। मृत बाघ की आयु पांच से छह वर्ष बताई जा रही है। उसके शरीर पर न तो कोई चोट के निशान थे और न ही कोई अंग गायब मिला है। अफसरों ने कहा कि सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद मौत की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। डीएफओ वरुण यादव शाम चार बजे वन अमले के मौके पर पहुंचे। वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही) से फारेंसिंक एक्सपर्ट की टीम भी बुलाई गई, लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण जांच नहीं हो पाई।

## बीएमसी चुनाव को लेकर अंतिम चरण में है शिवसेना-भाजपा में सीट बंटवारे की बातचीत



**नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने कहा कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के आगामी चुनाव के लिए शिवसेना और भाजपा के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने मीडिया से कहा कि यह तय है कि सत्तारूढ़ दल महायुति गठबंधन के रूप में चुनाव लड़ेंगे। विश्वास जताया कि बीएमसी में महायुति सत्ता में आएगी।

सीट बंटवारे की बातचीत अंतिम चरण में है। कौन कितनी सीटें पाएगा, इस पर चर्चा करने के स्थान पर हम महायुति के रूप में सभी 227 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) पर कटाक्ष करते हुए सामंत ने कहा कि कुछ पार्टियां अपना अस्तित्व बचाने के लिए गठबंधन कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री एकनाथ च्शदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और भाजपा गठबंधन की इच्छुक है। हालांकि दोनों दलों ने अभी तक सीट बंटवारे का अंतिम फामूर्ला और अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित नहीं किए हैं। बीएमसी में कुल 227 वार्ड हैं। इससे पहले शिवसेना के एक नेता ने कहा था कि दोनों दलों के बीच कुछ सीट को लेकर गतिरोध बना हुआ है और मीरा-भायंदर, ठाणे, नवी मुंबई और कल्याण-डोंबिवली निकायों के लिए बातचीत अभी जारी है। महाराष्ट्र में 29 निकायों के चुनाव 15 जनवरी को होंगे, जबकि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर है।

## दिल्ली में बनेगा राजस्थान सांस्कृतिक केंद्र, कला-संस्कृति से रूबरू होंगे पर्यटक

**जयपुर :** राजस्थान की कला, संस्कृति, स्थापत्य शैली और प्राचीन धरोहर से देश-दुनिया के लोगों को रूबरू करवाने के लिए दिल्ली में सांस्कृतिक केंद्र बनाया जा रहा है। दिल्ली में बनने वाला राजस्थान सांस्कृतिक केंद्र देश-विदेश के पर्यटकों को प्रदेश में आकर्षित करने का प्रमुख माध्यम बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का मानना है कि प्रदेश की विरासत को राजधानी में प्रदर्शित करने से हमें काफी लाभ होगा। दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की तर्ज पर बन रहे राजस्थान सांस्कृतिक केंद्र



में प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों, धरोहरों एवं ऐतिहासिक इमारतों के चित्र प्रदर्शित करने के साथ ही इनके बारे में संक्षिप्त विवरण भी दशार्या जाएगा। दिल्ली में स्थित राज्य सरकार की संपति बीकानेर हाउस में राजस्थान सांस्कृतिक केंद्र तैयार किया जाएगा। सांस्कृतिक केंद्र में सात सौ लोगों के बैठने की क्षमता वाला सभागार, सम्मेलन कक्ष, ई-लाइब्रेरी, जिम और एक हेरिटेज गेस्ट हाउस बनाया जाएगा। सांस्कृति केंद्र की डिजाइन जोधपुर की प्रसिद्ध मंडोर की छतरियां, जयपुर के सिटी पैलेस और हवा महल की शैली से करने का फैसला किया गया है। साथ ही राजस्थान की परंपरागत पेंटिंग, भित्ति चित्रकला एवं अन्य लोक कलाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए दिल्ली एवं प्रदेश के विभिन्न बड़े शहरों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## पीओजेके, विभाजन, 1984 दंगे हैं कांग्रेस की विरासत : भाजपा

**नई दिल्ली।**

भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी की विरासत ऐतिहासिक विफलताओं से भरी हुई है, जिसमें विभाजन, पाकिस्तान के कब्जे वाला गुलाम जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) की हानि और 1984 के सिख विरोधी दंगे शामिल हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने रविवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस के स्थापना दिवस पर कांग्रेस अध्यक्ष



मलिकार्जुन खरगे पार्टी की उपलब्धियों को उजागर करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन उन्होंने उन ऐतिहासिक गलतियों को स्वीकार करने में विफलता दिखाई। भाटिया ने कहा, "स्थापना दिवस पर कांग्रेस के रिमोट-कंट्रोल अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे कांग्रेस की उपलब्धियों को समझाने की कोशिश कर रहे थे। मुझे कहना चाहिए कि पीओजेके कांग्रेस पार्टी की विरासत है, विभाजन कांग्रेस पार्टी की विरासत है और 1984 के दंगे कांग्रेस पार्टी की विरासत हैं। हमारी भूमि चीन को देना कांग्रेस की विरासत है। मलिकार्जुन खरगे इतने असहाय हैं, वे केवल फर्जी गांधी परिवार की सेवा करते हैं, देश की परवाह किए बिना।"

## पीएम मोदी ने दिया विकसित भारत का मूलमंत्र

# 'युवाशक्ति है सुधारों का इंजन, देश बनेगा महाशक्ति'

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस" पर सवार हो चुका है और इसका सबसे बड़ा इंजन देश की युवा शक्ति और अनुकूल जनसांख्यिकी है। उन्होंने राज्यों से विनिर्माण को प्रोत्साहित करने, ईज आफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने और सेवा क्षेत्र को नई गति देने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत को एक वैश्विक सेवा महाशक्ति बनाने की दिशा में साझा प्रयास जरूरी हैं।


प्रधानमंत्री तीन दिवसीय पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का विषय 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' था। मोदी ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब देश अगली पीढ़ी के सुधारों का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इस जनसांख्यिकी को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जाए। प्रधानमंत्री ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि राज्यों को मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ कारोबार सुगमता में सुधार और सेवा क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देना होगा। कृषि और खाद्य क्षेत्र पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में दुनिया का 'फूड बास्केट' बनने की अपार क्षमता है। उन्होंने राज्यों से आह्वान किया कि वे उच्च मूल्य वाली कृषि, बागवानी, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन को बढ़ावा दें, ताकि भारत एक प्रमुख खाद्य निर्यातक के रूप में उभर सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के दौरान कौशल विकास, उच्च शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और खेल जैसे विषयों पर भी व्यापक चर्चा हुई। साथ ही, शासन और सेवा वितरण में नवीनतम तकनीक के एकीकरण पर जोर दिया गया।



### हर क्षेत्र में गुणवत्ता पर जोर

पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन, सेवा वितरण और विनिर्माण– हर क्षेत्र में गुणवत्ता को प्राथमिकता बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मेड इन इंडिया' को गुणवत्ता का पर्याय बनाने और 'जीरो इफेक्ट, जीरो डिफेक्ट' के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की जरूरत है।

## 'सनातन धर्म के पुनर्जागरण का आ गया है समय': भागवत



**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हिंदुओं से आह्वान किया है कि विश्व कल्याण के लिए भारत को 'विश्व गुरु' बनाने की दिशा में कार्य करें। यह केवल महत्वाकांक्षा नहीं है, बल्कि भारत को 'विश्व गुरु' बनाना केवल दुनिया की जरूरत है। भागवत ने अंतरराष्ट्रीय हिंदू संगठनों के सम्मेलन, विश्व संघ शिविर के समापन समारोह में रविवार को कहा कि हिंदुओं और स्वयंसेवकों को उदाहरण प्रस्तुत कर यह दिखाना होगा कि मानव बुद्धि का उपयोग वैश्विक कल्याण के लिए किस प्रकार किया जा सकता है। भागवत ने यह भी कहा कि सनातन धर्म के पुनर्जागरण का समय आ गया है। उन्होंने कहा, एक सदी पहले योगी अरविंद ने घोषणा की थी कि सनातन धर्म का पुनर्जागरण ईश्वर की इच्छा है और हिंदू राष्ट्र का उदय इसके लिए आवश्यक है। संघ प्रमुख ने कहा, भारत, हिंदू राष्ट्र, सनातन धर्म, हिंदुत्व एक-दूसरे के पर्याय हैं। उन्होंने संकेत दिया कि यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 'विश्वगुरु' बनने के लिए निरंतर मेहनत की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हमें फिर से 'विश्वगुरु' बनने के लिए कार्य करना होगा। यह विश्व की आवश्यकता है कि हम 'विश्वगुरु' बनें। लेकिन इसके लिए मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत की जा रही है।

## संपादक की कलम से

# दोस्ती अखबार से

ऐसे दौर में जब बच्चे डिजिटल मीडिया को अंतिम सत्य मानने लगे हैं, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों में अखबार पढ़ना अनिवार्य बनाना एक सुखद अहसास ही है। सुबह की प्रार्थना के दौरान दस मिनट तक राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय खबरें व संपादकीय पढ़ना अनिवार्य किया गया है। बाकायदा रोज पांच कठिन शब्द अर्थ के साथ ब्लैकबोर्ड पर दर्ज होंगे। निश्चय ही इस प्रयास से जहां बच्चों में पढ़ने की संस्कृति, शब्द व सामान्य ज्ञान बढ़ेगा, वहीं उनके स्क्रीन टाइम में कमी आ सकेगी। निर्विवाद रूप से इससे धीरे–धीरे छात्रों की पढ़ने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। बच्चे पढ़ने की संस्कृति से जुड़कर भावनात्मक, बौद्धिक व सामाजिक सरोकारों से समृद्ध होंगे। बहुत संभव है कि यदि इस अभियान को निरंतरता के साथ चलाया जाता रहा तो बच्चे पुस्तकालयों में रुचि लेने लगेंगे। विडंबना यह है कि आज बच्चों की उंगलियां पुस्तकों के पन्ने पलटने के बजाय मोबाइल के की–बोर्ड पर थिरकती रहती हैं। चिंताजनक स्थिति है कि भारत में पांच साल तक के बच्चे भी रोज दो घंटे से अधिक समय स्क्रीन पर बिताते हैं। एक सर्वे में चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि दो साल जैसी कम उम्र के बच्चे भी रोज 1.2 घंटे स्क्रीन पर लगाते हैं। गंभीर स्थिति यह है कि एक चौथाई बच्चों की इंटरनेट तक पहुंच है। ऐसे वक्त में जब आस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच को रोका गया है, भारत में दस साल से कम उम्र के बच्चों तक के सोशल मीडिया अकाउंट बने हुए हैं। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार ने फैसला किया है कि मॉर्निंग असेंबली के दौरान बच्चों को अंग्रेजी व हिंदी के समाचार पत्र पढ़ने को दिए जाएंगे। ये निर्णय सभी सरकारी सेकेंडरी और बेसिक स्कूलों के लिये है, लेकिन यदि निजी स्कूल भी चाहें तो वे भी ऐसा निर्णय ले सकते हैं। निस्संदेह, बच्चों को स्कूली पाठ्यक्रम से अलग भी पुस्तकें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। तमाम सर्वे बता रहे हैं कि आज भी अखबार भरोसेमंद सूचना माध्यम हैं। कई चरणों में संपादकीय मंडल खबरों को सुरक्षित तरीके से जांच कर प्रकाशित करता है। यूं तो कथित सोशल मीडिया पर सूचनाओं का अंबार लगा है, लेकिन संपादक नामक संस्था के न होने से उनकी विश्वसनीयता संदिग्ध है। निहित स्वार्थी तत्व भ्रामक सूचनाएं लगातार प्रसारित करते रहते हैं। निस्संदेह, बच्चे जब अखबार पढ़ेंगे तो अखबारों के संपादकीय व लेख पढ़कर वे अपना दृष्टिकोण विकसित कर सकेंगे। साथ ही उनकी भाषा समृद्ध होगी। आजकल के छात्रों के सबसे कम नंबर मातृभाषा में ही आते हैं। संकट यह भी है कि आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बच्चों की मासूमियत छीन रहे हैं और उन्हें समय से पहले वयस्क बना रहे हैं। शिक्षकों की उपस्थिति में अखबारों के जरिये मिलने वाली प्रामाणिक जानकारी उनकी सकारात्मक सोच को विकसित करेगी। बच्चों की पढ़ने की यह आदत तब और विकसित होगी, जब अभिभावक भी बच्चों को घर में पढ़ने के लिये प्रोत्साहित करेंगे। यहां यह भी जरूरी है कि बच्चों के लिये स्कूलों में शुरू हुआ यह अभियान निरंतरता के साथ चलता रहे।



ललित शर्मा
संपादक

## डॉ. प्रियंका सौरभ

## सूने आँगनों की गवाही

कविता



आँगन सूने हैं,
दीवारें गिनती हैं
उन पगचिह्नों को
जो कभी पड़े ही नहीं।

जिन बेटियों को
जन्म से पहले
हमने चुपचाप विदा कर दिया,
आज उनकी अनुपस्थिति
दरवाजों पर खड़ी है।

करोड़ों की दौलत
इस सन्नाटे को
भर नहीं पाती,
और नाम, वंश, प्रतिष्ठा
सब मौन हो जाते हैं।

यह कोई दंड नहीं—
यह हमारी ही
निर्दय चुप्पी की
धीमी–धीमी फसल है।

यदि अब भी
जीवन को
सम्मान से नहीं देखा,
तो यह सन्नाटा
पीढ़ियों तक
हमारे साथ चलेगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# राष्ट्रमंडल खेलों के बहाने क्या अहमदाबाद बन पाएगा कर्णावती

गुजरात के इस प्रमुख नगर को पहले कर्णावती के ही नाम से जाना जाता था। दस्तावेजों के मुताबिक, इसकी स्थापना 11वीं सदी में सोलंकी शासक कर्णदेव ने की थी। उसी के नाम के चलते इसे कर्णावती कहा जाता था। लेकिन बाद में वहां सुल्तान अहमद शाह ने आक्रमण किया और कब्जे के बाद उसने इस शहर के बगल में 1411 में 'अहमदाबाद' बसाया।

राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी वर्ष के आयोजन की जिम्मेदारी अहमदाबाद को मिलने के बाद एक बार फिर उसका नाम बदलकर कर्णावती करने को लेकर सोशल मीडिया पर मांग तेज हो गई है। तर्क दिया जा रहा है कि राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन यानी साल 2030 तक गुजरात की पहली राजधानी को कर्णावती के नाम से जाना चाहिए। यह पहला मौका नहीं है, जब इस शहर का नाम बदलने की मांग हो रही है। जब साल 2018 में गुजरात के सहोदर राज्य महाराष्ट्र की तत्कालीन सरकार ने कई शहरों के नाम बदले, तब भी यह मांग उठी थी। लेकिन तब इसे अस्वीकार कर दिया गया था। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी का जोर भारत के प्राचीन रूप और नाम पर रहा है, फिर गुजरात की सत्ता पर भाजपा तकरीबन तीन दशक से काबिज है, इसकी वजह से शहर को पुराने नाम की पहचान दिलाने की चाहत रखने वाले रह-रहकर मांग करते रहे हैं।

गुजरात के इस प्रमुख नगर को पहले कर्णावती के ही नाम से जाना जाता था। दस्तावेजों के मुताबिक, इसकी स्थापना 11वीं सदी में सोलंकी शासक कर्णदेव ने की थी। उसी के नाम के चलते इसे कर्णावती कहा जाता था। लेकिन बाद में वहां सुल्तान अहमद शाह ने आक्रमण किया और कब्जे के बाद उसने इस शहर के बगल में 1411 में 'अहमदाबाद' बसाया। कर्णावती नाम करने की मांग के पीछे इस शहर को उसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जोड़ने की चाहत से प्रेरित है। कुछ वैसे ही, जैसे उत्तर प्रदेश में फैजाबाद को बदलकर अयोध्या, मुगलसराय को बदलकर दीनदयाल उपाध्याय नगर, इलाहाबाद को बदलकर प्रयागराज कर दिया गया है।

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद गौरवशाली अतीत से जुड़ने और उसकी संज्ञाओं को बहाल करने का दौर तेज हो गया है। अयोध्या में राममंदिर, वाराणसी में काशी-विश्वनाथ कॉरीडोर और उज्जैन में महाकाल कॉरीडोर बनने के बाद पुनरूत्थानवादी सोच और प्रक्रिया को और बल मिला है। ऐसे में अहमदाबाद को पुराने कर्णावती नाम से जानने-पुकारने की इच्छा होना अचरज की बात नहीं है। कर्णावती नाम करने को लेकर कभी इसी शहर के एलिसब्रिज से विधायक और अब गांधीनगर से सांसद गृहमंत्री अमित शाह और अहमदाबाद पूर्व से लोकसभा सदस्य रहे हंसमुख भाई पटेल नकार चुके हैं। यह बात और है कि कभी हसमुख पटेल खुद भी कर्णावती नाम करने के लिए अभियान चला चुके थे। उन्होंने खुद 1995 और 2000 में नाम बदलने के लिए आवेदन भी दिया था, लेकिन इसे नकार दिया गया था। बाद में उन्होंने ही 2005 में शहर को हेरिटेज सिटी यानी विरासत शहर का दर्जा देने की मांग की थी। इसके बाद वे कर्णावती नाम किए जाने की मांग से पीछे हट गए थे। तब उन्होंने कहा था कि अब अगर अहमदाबाद शहर का नाम बदलकर कर्णावती किया गया तो उसे वर्ल्ड हेरीटेज सिटी का दर्जा मिलना मुश्किल हो जाएगा।

साल 2018 में गुजरात के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा था कि राज्य सरकार अहमदाबाद का नाम बदलकर कर्णावती करने पर विचार कर रही है। राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी ऐसा कहते रहे। तब उनकी राय सामने आने के बाद अहमदाबाद के इतिहास को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। इसी तरह जब से अहमदाबाद को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन का जिम्मा मिला है, एक बार फिर यही बहस तेज हो गई है।





अहमदाबाद ही कर्णावती था, इसकी जानकारी कई ऐतिहासिक पुस्तकों में मिलती है। ऐसी ही एक पुस्तक है, गुजरात विश्वविद्यालय में फारसी के प्रमुख रहे छोटूभाई नायक की किताब 'हिस्ट्री ऑफ इस्लामिक सल्तनत इन गुजरात'। इसमें छोटू भाई नायक ने बताया है कि गुजरात के पहले स्वतंत्र शासक मुजफ़्फ़रशाह ने अपने चार लड़कों को दरकिनार करते हुए अपने पोते अहमद शाह को अनहिलवाद के सिंहासन पर बैठा दिया था। जिसे आज हम पाटन के नाम से जानते हैं। इसी मुजफ़्फ़र शाह के पांच बेटे थे, फि रोज खान, हैबत खान, सादत खान, तातार खान और शेर खान। जिस अहमद शाह ने अहमदाबाद बसाया, वह तातार खान का बेटा था। अहमद शाह के चाचाओं को इस बात का मलाल रहा कि राज्य में उन्हें हिस्सा नहीं मिला। गुजरात के इतिहास पर अंग्रेज लेखक एडवर्ड क्लाइव बेले की मशहूर किताब है, 'द लोकल मौह्मडन डायनेस्टीजः गुजरात'। इसमें उन्होंने मुजफ्फरशाह परिवार के संघर्ष पर प्रकाश डाला है।

इस पुस्तक में बताया गया है कि फि रोज खान का बेटा और अहमद शाह का चचेरा भाई मौदूद तब बड़ोदा का गवर्नर था। मौदूद ने अपने पिता फि रोज खान के साथ मिलकर अहमद शाह के खिलाफ बगावत छेड़ने की तैयारी की और अपने साथ अमीर मुसलमानों को मिलाना शुरू किया। इस पुस्तक के मुताबिक, तत्कालीन दो हिंदू सरदारों, जीवनदास खत्री और प्रयागदास ने भी फि रोज खान का साथ दिया। छोटू भाई शाह की पुस्तक के अनुसार, मालवा के सुल्तान हुशांग शाह ने भी अहमद शाह के खिलाफ बगावत में फि रोज खान का साथ दिया था। अहमद शाह के खिलाफ खड़ी हो रही सेना की अगुआई मौदूद के हाथ थी, उसने जीवनदास को अपना वजीर घोषित कर दिया। जीवनदास ने पाटन पर हमले की सलाह दी। लेकिन कई ने इसका विरोध किया। कुछ लोग ऐसे भी रहे, जिन्होंने समझौते का प्रस्ताव रखा था। लेकिन दोनों पक्षों में विवाद इतना बढ़ा कि कुछ लोगों ने पलट कर अहमद शाह से मिल गए। बहरहाल बाद में संघर्ष हुआ, जिसमें जीवनदास खत्री मारा गया।

इसके बाद मौदूद को मजबूरी में खंबात का रूख करना पड़ा। वहां सूरत के शेख मलिक और रेंडर से उसकी मुलाकात हुई। इस बीच अहमद शाह उसका पीछा करता रहा और उसने जल्द ही मौदूद को गिरफ्तार करके भरूच किले को घेर लिया। बाद में सुल्तान को मौदूद पर दया आ गई और उसने मौदूद को रिहा करके वापस लौट गए। पाटन लौटते वक्त अहमदशाह ने साबरमती के किनारे असावल नामक कस्बे के पास डेरा डाला था। जिसके प्रमुख आशा भील थे। इसका जिक्र फारसी भाषा में लिखी अली मुहम्मद खान की किताब मिरात-ए-अहमदी में जिक्र मिलता है। छोटूभाई नायक भी अपनी किताब में यही बात लिखते हैं। जहां सुल्तान रुका था, वहीं उसने नया शहर बसाने का फैसला किया।

इसके बाद सुल्तान अपनी सेना लेकर आए जिसके बाद असावल के सरदार आशा भील को अपना कस्बा छोड़कर भागना पड़ा। लेकिन आशा भील इसका विरोध कर रहे थे। लेकिन अहमदशाह की सेना के सामने वह टिक नहीं पाए और उन्हें पलायन करना पड़ा। फिर अहमदाबाद शहर की नींव 1411 के फरवरी-मार्च महीने में रखी गई। एक दावा यह भी है कि अहमद शाह ने अपने पीर हजरत शेख अहमद खट्टू गंज बख़्श की सलाह पर अहमदाबाद शहर बसया। लेकिन एक और लेखक खान बहादुर ने अपनी पुस्तक 'हिस्ट्री ऑफ गुजरात' में लिखा है कि अहमद शाह ने चार अहमदों, जिनमें एक उनके गुरू भी थे, के नाम पर शहर का नाम अहमदाबाद रखा।

गुजरात के जाने-माने पत्रकार अच्युत याज्ञनिक और उनकी साथी सुचित्रा सेठ ने अपनी किताब 'अहमदाबाद फ्रॉम रॉयल सिटी टू मेगा सिटी' में अहमदाबाद, कर्णावती और असावल की चर्चा की है। अहमदाबाद को अरबी और फारसी इतिहासकारों ने इसे असावल कहा है, जबकि संस्कृत और प्राकृत साहित्य में इसे आशापल्ली कहा गया है। दसवीं सदी में भारत आए ईरानी इतिहासकार अल-बरूनी ने भी असावल नाम की जगह का जिक्र किया है। इसी तरह 1039 में लिखी जैन आचार्य जिनेश्वरसुरी की पुस्तक 'निर्वाणलीलावतीकथा' में अशापल्ली का ज़िक्र है।साफ है कि अहमदाबाद के पहले वहां आशापल्ली या असावल नाम की जगह थी या शहर था। इसके करीब 1304-05 में लिखी अपनी पुस्तक 'प्रबंधचिंतामणि' में जैन आचार्य मेरुतुंडाछ्य ने कर्णावती का उल्लेख किया है। इसी किताब में जिक्र मिलता है कि पाटन के राजा कर्णदेव ने आशापल्ली पर कब्जा आशा भील को हराने के बाद किया और यहां पहले कोछराब देवी का मंदिर स्थापित करके यहां रहना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने यहां कर्णेश्वर महादेव का मंदिर बनाया भी बनाया। इसके बाद उन्होंने कर्णा सागर बनवाया और कर्णावती पुरी को बसाकर उसे अपनी राजधानी बनाया।

इन्हीं ऐतिहासिक साक्ष्यों के ही आधार पर अहमदाबाद को कर्णावती करने की मांग उठती रही है। राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के बहाने एक बार फिर यह मांग उठ रही है। राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन की तैयारी में यह शहर सजेगा, उसकी गरिमा में चार-चांद लगेगा। इसी बहाने अगर उसका इतिहास लौट आए तो इसे कम से कम इतिहास, संस्कृति और गौरवपूर्ण अतीत से स्नेह करने वाले लोगों को भला क्यों एतराज होगा। देखना यह है कि गरिमा और गौरव पूर्ण अतीत की ओर लौटने की यह यात्रा कब तक पूरी हो पाती है।

**-उमेश चतुर्वेदी**

# युवा पीढ़ी को नशे की लत लगाने वाली लिकर चाकलेट



**स्नेहा सिंह**

चाकलेट शरीर में डोपामिन नामक हार्मोन के उत्पादन में भी मदद करती है। डोपामिन व्यक्ति को मानसिक रूप से सजग बनाए रखने में सहायक होता है।

यह बात करीब दो साल पहले की है। मुंबई के एक फाइवस्टार होटल में क्रिसमस पार्टी का आयोजन था। पश्चिमी संगीत की धुनों पर युवा खुलकर नाच रहे थे। तभी करीब बीस-बाईस साल के चार युवक और एक युवती पार्टी हाल में दाखिल हुए। ऐसी पार्टियों में शराब का बहना कोई नई बात नहीं होती।

हालांकि, अभी-अभी आए ये चारों युवक और वह युवती डांस फ्लोर पर जाने में हिचकिचा रहे थे। वे दूर खड़े होकर ही नाच-गाने का आनंद लेने लगे। कुछ देर बाद उन युवकों में से एक ने युवती रोमा को इशारा किया और उसे अलग ले गया। पार्टी के शोर-शराबे से ऊबी रोमा भी हाल के बाहर आ गई। दोनों पास के स्विमिंग पूल के पास रखी आरामदायक कुर्सियों पर बैठ गए।

थोड़ी इधर-उधर की बातचीत के बाद उस युवक ने अपनी जेब से एक चाकलेट निकाली और रोमा को आफर की। रोमा ने झिझकते हुए चाकलेट ले ली। युवक ने जोर देकर उसे खाने को कहा। उसका मन रखने के लिए रोमा ने चाकलेट खा ली।

चाकलेट देखने में सामान्य ही थी, इसलिए उसे कोई आपत्ति नहीं हुई, लेकिन थोड़ी देर बाद उसका स्वाद अजीब लगा। फिर भी उसने पूरी चाकलेट खा ली।

कुछ समय बाद रोमा को लगने लगा कि उसका सिर भारी हो रहा है, लेकिन शरीर में अचानक बहुत ऊर्जा आ गई है। उसके साथ बैठा युवक यह सब ध्यान से देख रहा था। उसने धीरे से रोमा का हाथ पकड़ लिया। रोमा को यह अच्छा भी लगा, लेकिन अचानक उसे महसूस हुआ कि कुछ गड़बड़ हो रही है। उसने युवक को दूर करने की कोशिश की, लेकिन वह ऐसा कर नहीं पाई। युवक उसके बहुत करीब आ गया और धीरे-धीरे उसे किस करने की कोशिश करने लगा।

मामला आगे बढ़ता, उससे पहले ही अचानक रोमा का दोस्त करण वहां आ गया। रोमा और उस युवक की स्थिति देखकर उसे सब समझते देर नहीं लगी। उसने रोमा का हाथ पकड़ा और उसे खींचकर अंदर ले गया।

अगर करण समय पर न आया होता तो रोमा के साथ क्या हो सकता था, यह बताने की जरूरत नहीं। रोमा फूट-फूटकर रो पड़ी और उसने वादा किया कि वह यह बात अपने मम्मी-पापा को नहीं बताएगी और आगे से किसी अंजान लड़के से इस तरह कुछ नहीं खाएगी। जो अनुभव रोमा को हुआ, वैसा अनुभव मुंबई, अहमदाबाद या अन्य बड़े शहरों की कई लड़कियों को हुआ होगा।

लेकिन रोमा अभी भी यह नहीं समझ पा रही थी कि उस लड़के ने उसे ऐसा क्या खिला दिया था कि वह अपने सारे संस्कार और संकोच भूलकर वैसा व्यवहार करने लगी।

रोमा के इस सवाल का जवाब है लिकर चाकलेट। लिकर चाकलेट क्या बला है, यह जानने से पहले लड़कियों और चाकलेट के रिश्ते को समझना जरूरी है।

कहा जाता है कि महिलाओं और हीरों का रिश्ता सबसे अच्छा होता है। उसी तरह लड़कियों और चाकलेट का भी गहरा संबंध है। मुंबई की लोकल ट्रेन में सफर करते समय अगर आप आसपास की किशोरियों और युवतियों को देखें तो पाएंगे कि ज्यादातर के पास चाकलेट होती है। वह पेपरमिंट या टाफी नहीं, बल्कि कैरामेल या डार्क चाकलेट होती है। हीरों की तरह ही चाकलेट के विज्ञापनों में भी ज्यादातर महिलाएं दिखाई जाती हैं। शायद गलत नहीं होगा अगर कहा जाए कि हीरे और चाकलेट का कारोबार महिलाओं की वजह से ही ज्यादा चलता है।

चाकलेट में ऐसा क्या है कि महिलाएं उसकी ओर ज्यादा आकर्षित होती हैं? ऐसा नहीं है कि सिर्फ लड़कियां ही चाकलेट खाती हैं, लड़कों को भी चाकलेट पसंद होती है, लेकिन लड़कियों की तरह उन्हें चाकलेट की तीव्र चाह नहीं होती। कुछ महिलाएं तो यहां तक कह देती हैं कि चाकलेट सेक्स से भी बेहतर है। चाकलेट का असर पुरुषों और महिलाओं पर अलग-अलग होता है, क्योंकि उनके दिमाग में चाकलेट अलग ढंग से काम करती है।सेरोटोनिन खुशी से जुड़ा हार्मोन है। अगर यह हार्मोन सही मात्रा में बना रहे तो महिलाओं के चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती है। लेकिन जैसे ही सेरोटोनिन का स्तर ऊपर-नीचे होता है, मूड भी बदलने लगता है। ऐसे में चाकलेट अपना असर दिखाती है। चाकलेट शरीर में सेरोटोनिन के उत्पादन में मदद करती है, जिससे मूड नियंत्रित रहता है और डिप्रेशन से बचाव होता है।

इसके अलावा चाकलेट डोपामिन नामक हार्मोन के उत्पादन में भी मदद करती है। डोपामिन मानसिक सजगता बढ़ाता है और इसे परफॉर्मेंस बढ़ाने वाला तत्व माना जाता है। डोपामिन की कमी से व्यक्ति का ध्यान भटकने लगता है और मूड खराब रहता है। चाकलेट इन समस्याओं से लड़ने में मदद करती है।महिलाओं में हार्मोनल बदलाव, खासकर मासिक धर्म के दौरान, मूड स्विंग्स को बढ़ा देते हैं। ऐसे समय चाकलेट तुरंत मूड बदल देती है। यही कारण है कि मासिक धर्म से पहले और उसके दौरान महिलाओं को चाकलेट की तीव्र इच्छा होती है।

तनाव के समय भी महिलाएं अनायास चाकलेट की ओर आकर्षित होती हैं और उन्हें अच्छा महसूस होता है। कुल मिलाकर चाकलेट महिलाओं के लिए फायदेमंद मानी जाती है और पुरुषों के लिए गर्लफ्रेंड को मनाने का आसान तरीका है। इसलिए वेलेंटाइन डे, बर्थडे या प्रपोज करने के मौके पर चाकलेट सबसे आम गिफ्ट होती है।चाकलेट शरीर में फिनाइलएथाइलामीन नामक रसायन के स्राव में भी मदद करती है, जो प्रेम में होने का अहसास कराता है। इसी वजह से चाकलेट महिलाओं के इमोशंस और सेक्सुअल डिजायर पर गहरा असर डालती है और उनकी कामेच्छा बढ़ा सकती है।

लेकिन चाकलेट एक मानसिक लत भी बन सकती है। कुछ शोध बताते हैं कि चाकलेट की बनावट में ऐसे तत्व होते हैं, जो शराब जैसे प्रभाव देते हैं। इसलिए इसे मानसिक नशा भी कहा जा सकता है।

अब आते हैं लिकर चाकलेट पर।

लिकर चाकलेट बनाने में कोको पाउडर, कोको बटर, दूध और चीनी से चाकलेट तैयार की जाती है, जिसमें कैरामेल, क्रीम या चीज मिलाई जाती है।

# एक जनवरी बनाम चैत्र शुक्ल प्रतिपदा



किसी भी जीवंत राष्ट्र के लिए 'नववर्ष' उसकी सामूहिक चेतना, उसकी जीवन-दृष्टि और प्रकृति के साथ उसके तादात्म्य का उद्घोष होता है। भारतवर्ष में कालबोध कभी भी यांत्रिक नहीं रहा। यह सदैव ब्रह्मंडीय, प्राकृतिक और आध्यात्मिक रहा है ?किंतु, वर्तमान कालखंड की विडंबना यह है कि भारतीय समाज अपने सनातन 'कालबोध' से विमुख होकर एक जनवरी को नववर्ष के रूप में अंगीकार कर बैठा है, जबकि सृष्टि के नव-सृजन का पर्व 'चैत्र शुक्ल प्रतिपदा' विस्मृति के गर्त में धकेला जा रहा है। यह मात्र दो तिथियों का संघर्ष नहीं, अपितु स्वबोध और परानुकरण के मध्य छिड़ा एक 'सांस्कृतिक धर्मयुद्ध' है।

एक जनवरी : औपनिवेशिक दासता और परकीय कालबोध

एक जनवरी को मनाया जाने वाला नववर्ष ग्रेगोरियन कैलेंडर पर आधारित है, जिसका मूल पूर्णतः पाश्चात्य है। भौगोलिक और प्राकृतिक दृष्टिकोण से देखें तो भारत में एक जनवरी के समय प्रकृति सुप्त अवस्था में होती है। कड़ाके की ठंड, कोहरा और जड़ता का वातावरण होता है। न तो ऋतु में कोई परिवर्तन होता है, न ही वृक्ष-वनस्पतियों में कोई नया जीवन स्पंदित होता है। ?इस तिथि का भारतीय कृषि, नक्षत्र-विज्ञान या आध्यात्मिक परंपरा से कोई भी तार्किक संबंध नहीं है। यह औपनिवेशिक शासन की देन है, जिसे प्रशासनिक सुविधा के लिए हम पर थोपा गया था। स्वतंत्रता के दशकों पश्चात भी इस तिथि को 'नववर्ष' मानना हमारी मानसिक पराधीनता का प्रमाण है। आज यह दिवस दिशाहीन उल्लास और मदिरा-पान जैसे उन्मुक्त भोग का पर्याय बन गया है। इसमें न तो आत्म-चिंतन का अवकाश है और न ही नूतन संकल्प लेने की प्रेरणा। यह केवल हमारी सांस्कृतिक जड़ों को खोखला कर रहा है।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदाः सृष्टि के नव-यौवन का पर्व* भारतीय कालगणना में नववर्ष का आगमन 'चैत्र शुक्ल प्रतिपदा' से माना जाता है। यह वह समय है जब प्रकृति स्वयं अपना श्रृंगार करती है। 'वसंत ऋतु' अपने यौवन पर होती है, वृक्षों से जीर्ण-शीर्ण पत्ते गिर जाते हैं और उनमें नई कोंपलें (नवांकुर) फूटती हैं। खेतों में फसल पककर तैयार होती है, जो किसान के श्रम की सार्थकता का प्रतीक है।

शास्त्रों के अनुसार, इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का सृजन किया था। यही वह दिन है जब 'विक्रम संवत' का आरंभ होता है, जो भारत के सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य और विजय का प्रतीक है। ?यह पर्व वैज्ञानिक और खगोलीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस समय सूर्य और चंद्रमा की स्थिति में विशेष परिवर्तन होता है, जो मानव शरीर और मन में नई ऊर्जा का संचार करता है। कश्मीर में 'नवरेह', दक्षिण में 'उगादी', महाराष्ट्र में 'गुड़ी पड़वा' और सिंध में 'चेटीचंड' के रूप में यह पर्व संपूर्ण भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोता है।

# गीतांजलि काव्य मंच द्वारा गीत ऋषि नीरज को साहित्यिक श्रद्धांजलि , "यादें नीरज की" विशेषांक का भव्य लोकार्पण

**डॉ. शंभु पंवार**



**नई दिल्ली**,28 दिसंबर ।राजधानी की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था गीतांजलि काव्य प्रसार मंच एवं नोएडा इकाई द्वारा पद्मभूषण गीत ऋषि गोपालदास ह्यनीरजह्ल जी की जन्मशताब्दी वर्षझ2025 पर मंच की ई-पत्रिका ह्लनीरज कुंजह्व (प्रिंट अंक) के विशेषांक ह्लयादें नीरज कीह्व का नोएडा में लोकार्पण एवं रचनाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लोकार्पण समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की मधुर वंदना से हुआ ।समारोह के मुख्य अतिथि वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार एवं विचारक डॉ.शंभू पवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह क्षण केवल ह्ययादें नीरज कीह्ल विशेषांक के लोकार्पण का नहीं है,यह पद्मभूषण गीतऋषि गोपालदास ह्यनीरजह्ल जी को हृदय से स्मरण करने का एक भावपूर्ण अनुष्ठान है ।उन्होंने कहा नीरज जी का साहित्य हमें यह सिखाता है कि सच्ची कविता वही है, जो जीवन बन जाए और नीरज जी उसी जीवन के अमर गीतकार थे ।डॉ.पंवार ने मंच के संस्थापक नीरज अरोड़ा जी का स्मरण करते हुवे कहा कि वे भी साहित्य की अनमोल शख्सियत थे। उन्होंने मंच की स्थापना को लेकर जो सोच ओर विचार थे उनको मंच की अध्यक्ष एवं उनकी धर्मपत्नी सुप्रसिद्ध साहित्यकार लेखिका डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा जी साकार कर रही है ।मंच ने कम समय में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की ओर मंच का नाम अंतरराष्ट्रीय पटल पर सुशोभित किया है ।ह्ययादें नीरज कीह्ल जैसे अनमोल साहित्यिक प्रयास के लिए मैं गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की अध्यक्ष डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा जी एवं पूरी टीम को ढेर सारी शुभकामनाएं। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.प्रेम भारद्वाज ज्ञानभिक्षु ने कहा कि गीतऋषि पद्मभूषण गोपालदास ह्यनीरजह्ल जी वास्तव में एक कालजयी व्यक्ति थे ।वे केवल साहित्य तक सीमित नहीं रहे,उन्होंने फिल्मी जगत को भी ऐसे अमर गीत दिए जो आज भी जन-जन की जुबा पर है। मंच की अध्यक्ष डॉ.अरोड़ा ने मंच की उपलब्धियों की चर्चा करते हुवे,मंच के सदस्यों एवं जतिन आयुषी,अनुराग-भाविका द्वारा किए जारहे सहयोग की सराहना की।

नोएडा इकाई की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक श्रीमती रश्मि भटनागर ने स्वागत उद्बोधन दिया। इसके पश्चात कार्यक्रम में मंचासिन विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पुष्पा जोशी, हिल्स की ममता सोनी, डॉ.वीणा मित्तल,डॉ. कल्पना पाण्डेय, डॉ. मनोज कामदेव, देवेंद्र प्रकाश शर्मा, कृष्णा दामिनी,संध्या सेठ ने भी विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात अतिथियों ने मंच की ई पत्रिका (प्रिंट अंक)के गीत ऋषि गोपाल दास नीरज पर केंद्रित विशेषांक श्यादें नीरज कीश् का लोकार्पण किया और रचनाकारों को मोती माला ओर स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्रीमती रश्मि भटनागर,डॉ.वीणा मित्तल,डॉ.मनोज कामदेव,सरिता विजय शर्मा, संध्या सेठ,अपर्णा भटनागर, निशा सक्सेना,स्वाति पूजा,जयवीर सिंह अत्री,रमा गुरु,अर्चना सिंह,अपर्णा गर्ग, जगदीश मीणा,नीलम गुप्ता, संगीता वर्मा,दीपिका वाल्दिया, हिमांशु शुक्ला,कृष्ण दामिनी, रजनी बाला,अंजू अग्रवाल,शशि किरण श्रीवास्तव,सांत्वना सिंह, सोनिया सरीन,अर्चना शर्मा,सुकृति श्रीवास्तव ने एक से बढ़कर एक शानदार काव्य प्रस्तुति दे कर समारोह को काव्य के रंगों से सराबोर कर दिया ।मनमोहक संचालन सरिता शर्मा ओर हिमांशु शुक्ला ने किया ।अंत में पत्रिका के सचिव देवेंद्र प्रकाश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# जन्मदिन की पार्टी में घुसा 'लव जिहाद' का शोर, कैफे में हंगामा, मुस्लिम युवकों से मारपीट

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली**। प्रेम नगर थाना क्षेत्र में एक कैफे में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही छात्रा की जन्मदिन पार्टी उस समय विवाद में बदल गई, जब कुछ संगठनों से जुड़े लोग वहां पहुंच गए और 'लव जिहाद' का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान पार्टी में शामिल दो मुस्लिम युवकों के साथ मारपीट भी की गई। जानकारी के अनुसार छात्रा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने साथ पढ़ने वाले दोस्तों को कैफे में पार्टी दी थी।

पार्टी में कुल 6 लड़कियां और 4 लड़के शामिल थे, जिनमें से दो युवक मुस्लिम समुदाय से थे। पार्टी शुरू ही हुई थी कि अचानक कुछ लोग कैफे में घुस आए और लड़के-लड़कियों के साथ बैठने को लेकर सवाल-जवाब करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ ही देर में माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि 'लव जिहाद' का हवाला देते हुए मुस्लिम युवकों के साथ हाथापाई की गई, जिससे कैफे में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

प्रेम नगर थाना पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार यदि किसी भी पक्ष द्वारा तहरीर दी जाती है, तो मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद यह मामला सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं कैफे संचालक और मौजूद छात्राएं भी घटना से सहमी नजर आई। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की हिदायत दी है।

# नगर पंचायत की जमीन पर पुनः कब्जे का प्रयास शुरू



**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर** नगर पंचायत की जमीन पर कब्जा करने हेतु एक दबंग ने रविवार को निर्माण कार्य शुरू कर दिया। नगर पंचायत कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाने का दावा किया है जबकि लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के सर्वेसवाओं की शह पर ही इस बेशकीमती जमीन पर बार बार कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। कस्बे के मौहल्ला झब्बा कालोनी में नगर पंचायत की बेशकीमती जमीन गाटा संख्या 1146 पर पिछले कुछ सालों में अनेक बार अवैध कब्जे का प्रयास किया जाता रहा है। रविवार को एक बार फिर से उक्त जमीन पर कब्जा करने की नीयत से निर्माण कार्य शुरू किया गया। मौहल्ले के कुछ लोगों ने मामले की जानकारी हल्का लेखपाल नरेश कुमार व नायब तहसीलदार औरंगाबाद ललित नारायण प्रशांत को दी। नायब ने नगर पंचायत कर्मियों को अविलंब मौके पर पहुंचकर कब्जा रुकवाने के लिए निर्देश दिए। नगर पंचायत कर्मियों नेमपाल सिंह और ओमदत्त ने मौके पर पहुंचकर कब्जा रुकवाने के निर्देश निर्माण कार्य कर रहे लोगों को दिये। अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर ने बताया कि मामले को दिखवा रहे हैं। किसी को भी अवैध कब्जा सरकारी जमीनों पर नहीं करने दिया जाएगा चाहे वो कितना ही असरदार क्यों ना हो। कब्जा रुकने अथवा जारी रहने की असलियत सोमवार को ही सामने आ सकेगी।

# ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को लेकर विधायक गणेश चौहान को सौंपा गया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर**। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा ग्रामीण पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जिला अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी के नेतृत्व में धनघटा विधानसभा क्षेत्र संख्या 314 के विधायक गणेश चौहान को दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से ग्रामीण पत्रकारों को मान्यता, स्वास्थ्य सुविधा, परिवहन सुविधा, सुरक्षा और संगठनात्मक सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने की मांग की गई। ज्ञापन में तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता देने, पत्रकार हितों के लिए स्थाई समितियों के गठन, आयुष्मान कार्ड व रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा, पत्रकार मान्यता व विज्ञापन समितियों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को शामिल करने, लखनऊ में दारुलशफा में कार्यालय उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण पत्रकार आयोग के गठन की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। इसके साथ ही पत्रकारों पर प्राथमिकी दर्ज करने से पूर्व सक्षम राजपत्रित अधिकारी से जांच कराए जाने की भी मांग की गई, जिससे पत्रकार निष्पक्ष रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। विधायक गणेश चौहान ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर के.के. निर्भीक, रवींद्रनाथ दहिवाल (महामंत्री), दिग्विजय गोस्वामी, पवन भारती, कैलाशपति मौर्य सहित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# जेबीजी इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन


**जहाँगीराबाद**। नगर के चान्दौक दोराहे के समीप स्थित जेबीजी इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को फ्यूचर फीस्टा फेयर के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी एवं विभिन्न स्टॉल जैसे जूस स्टॉल, चांट स्टॉल, केक स्टॉल, पेस्ट्री स्टॉल आदि का सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी तथा कला से जुड़े अनेक आकर्षक मॉडल, प्रयोग और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य और तकनीकी विकास जैसे विषय शामिल थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रिया माहेश्वरी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है।

# जे पी विद्या मंदिर तौमडी की फुटबॉल टीम ने नेपाल में किया देश का नाम रोशन।

**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** नेपाल में आयोजित इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर जे पी विद्या मंदिर तौमडी की फुटबॉल टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। टीम की इस उपलब्धि से समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ी है। इन्डो -नेपाल अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 सीरीज के अंतर्गत फिट इंडिया पहल के अंतर्गत नेपाल के रंगशाला स्टेडियम पोखरा में 21 से 25 दिसंबर तक आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में भारत के अलग-अलग राज्यों से फुटबॉल बास्केटबॉल हाकी और तीरंदाजी आदि खेलों में अंडर 14,17, एवं 19 श्रेणी में टीमों ने हिस्सा लिया था ।इसी कड़ी में जे पी विद्या मंदिर तौमडी की फुटबॉल टीम ने अंडर 14 आयु वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए इंण्डोनेशिया एवं म्यांमार की टीमों को धूल चटाते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला नेपाल की टीम के साथ खेला गया जिसमें अंत तक रोमांच और कड़े मुकाबले में आखिरी मौके पर नेपाल ने 5-4 से बाजी अपने नाम कर ली। जे पी विद्या मंदिर तौमडी की टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। देश की माटी के लाल नौनिहालों को उप विजेता ट्राफी से सम्मानित किया गया ।टीम के कप्तान सात्विक सिंह और सदस्य प्रियांशु लोहिया,पारस भारद्वाज, प्रियांशु चौधरी, कृष्णा भारद्वाज,यष्मित भाटी, जयंत सिरोही, अभिनव,क्रिश, आयुष चौधरी,प्रिंस खान, भास्कर शर्मा हर्षित भाटी को रजत पदक एवं प्रशस्ति सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। टीम के कोच निखिलेश गुप्ता एवं समन्वयक जीतेश कुमार ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्या सुनीता सिंह ने टीम सदस्यों,कोच समन्वयक आदि को उल्लेखनीय सफलता हासिल करने के लिए बधाई देते हुए निकट भविष्य में सम्मानित किए जाने की घोषणा की। जे पी विद्या मंदिर तौमडी की टीम की इस उपलब्धि से समूचे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

# कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया।



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** रविवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेता व कार्यकताओं ने विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर के गांव डरोरा में राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में स्थापना दिवस समारोह आयोजित कर ध्वजारोहण व राष्ट्रगीत वंदे मातरम व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर मल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव, कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़, उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी सलाम खां व वरिष्ठ नेता बबलू कुरैशी ने स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर कांग्रेस की स्थापना व देश की आजादी में कांग्रेस नेताओं के योगदान एवं आजादी के बाद देश को दशा व दिशा देने तथा वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा देश की आजादी में दशकों तक जेल में रहने सहित, सत्य व अहिंसा के साथ देश को आजादी दिलाने वाले सच्चे देशभक्तों, महानायकों के साथ आजादी दिलाकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी द्वारा किए गए कार्यों पर तथा वर्तमान में बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार पर स्वर्गीय इंदिरा गांधी द्वारा पाकिस्तान के दो टुकड़े कर इतिहास और भूगोल बदलकर पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कहते हुए, वर्तमान में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर सरकार को कमजोर बताते हुए घटना का राजनीतिकरण करने के आरोप के साथ-साथ पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा आईआईटी, एम्स,भाखड़ा नांगल बांध, सुरक्षाझरक्षा के लिए विश्व में भारत को आर्थिक महाशक्ति व सोने की चिड़िया बनाने वाला बताते हुए, वर्तमान में सरकार द्वारा नफरत की सोच के चलते भारत के प्रधानमंत्री द्वारा पहले शोषित वंचित व अंतिम पायदान पर खड़े मजदूरों के हित व ग्रामीण अंचल के विकास के लिए मनमोहन सिंह जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में यूपीए सरकार में बनाए गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया बरेली एसएसपी अनुराग आर्य को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली**। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का सबसे मजबूत चेहरा बनकर उभरे एसएसपी अनुराग आर्य को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में वर्ष 2024 के उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में प्रदेश सरकार के दिग्गज मंत्री, प्रशासन के शीर्ष अधिकारी और उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अफसर मौजूद रहे। इस दौरान मंच से मुख्यमंत्री ने एसएसपी अनुराग आर्य की खुलकर सराहना करते हुए उनकी पीठ थपथपाई और इसे पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ह्लबरेली जैसे संवेदनशील जनपद में अपराध पर नियंत्रण और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना आसान नहीं होता, लेकिन एसएसपी अनुराग आर्य ने अपने साहस, धैर्य और त्वरित फैसलों से यह साबित कर दिया कि सख्त इच्छाशक्ति हो तो अपराध खुद घुटने टेक देता है ।ह्व 26 सितंबर 2025 को बरेली का माहौल बिगाड़ने की एक सुनियोजित साजिश रची गई थी। हालात तेजी से तनावपूर्ण होते जा रहे थे और अराजक तत्व शहर को आग में झोंकने की फिराक में थे। लेकिन एसएसपी अनुराग आर्य ने मौके की नजाकत को भांपते हुए खुद मोर्चा संभाला। पुलिस बल को सड़कों पर उतारा गया, रणनीति सटीक रही और कार्रवाई इतनी सख्त कि उपद्रवी भागने को मजबूर हो गए। शहर में शांति कायम रही और कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही। इसी फौलादी नेतृत्व के लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। एसएसपी अनुराग आर्य की सबसे बड़ी कामयाबी रही शाही और शीशगढ़ थाना क्षेत्र का कुख्यात सीरियल किलिंग मामला। साल 2024 में चार्ज संभालते ही उन्होंने उस केस को हाथ में लिया, जिसे बरेली पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा था। एक साल में करीब 11 महिलाओं की निर्मम हत्या हो चुकी थी। इससे पहले कई नामचीन आईपीएस अधिकारी भी इस गुत्थी को सुलझाने में नाकाम रहे थे। लेकिन अनुराग आर्य ने हार नहीं मानी। सघन जांच, तकनीकी सर्विलांस और जमीनी पुलिसिंग के दम पर उन्होंने नवाबगंज निवासी कुलदीप गंगवार को गिरफ्तार कर छह हत्याओं का सनसनीखेज खुलासा किया। इस कार्रवाई ने न सिर्फ पुलिस विभाग की साख को मजबूत किया, बल्कि अपराधियों के दिलों में कानून का खौफ भर दिया।

# छात्रा से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**




**हापुड़**। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित/नामित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है ।पुलिस के अनुसार पीड़िता के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद से ही अभियुक्त फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। मुखबिर की सूचना पर थाना हाफिजपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं एवं छात्राओं से संबंधित अपराधों के प्रति जनपद पुलिस पूरी तरह संवेदनशील है और ऐसे मामलों में आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एमजेपीआरयू के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर डिग्री-वीजा का खेल , बी-टैक पास 'डिजिटल नटवरलाल' गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली**। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर फर्जी डिग्रियां और स्टूडेंट वीजा दिलाने वाले हाईटेक ठग गिरोह का थाना बारादरी पुलिस और परिक्षेत्रीय साइबर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ा पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस संगठित साइबर फ्रॉड में शामिल बी-टैक पास अभियुक्त सुजय राय को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका साथी धर्मेन्द्र कुमार अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। एमजेपीआरयू के कोऑर्डिनेटर डॉ. अख्तर हुसैन ने विश्वविद्यालय के नाम और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग होने की शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। जांच में सामने आया कि ६६६.नस्र१४.ङ्क१्र.ल्ल नाम से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट की हूबहू नकल तैयार कर उस पर फर्जी सूचनाएं और सामग्री अपलोड की जा रही थी, जिससे छात्र-अभिभावक और संस्थाएं भ्रमित हो रही थीं। इस गंभीर मामले में थाना बारादरी पर मु0अ0सं0 1589/2025 धारा 318 (4) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। साइबर जांच में डोमेन प्रोवाइडर ल्ङ्क२३ल्लौ१ से फर्जी वेबसाइट की डिटेल निकाली गई। यहां से जो मोबाइल नंबर और पेमेंट आईडी सामने आई, वह सुजय राय (उत्तराखंड) और धर्मेन्द्र कुमार (रामपुर) से जुड़ी पाई गई। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से साफ हो गया कि दोनों मिलकर फर्जी डोमेन के जरिए विश्वविद्यालय की पहचान का दुरुपयोग कर रहे थे। लोकेशन ट्रेस कर संयुक्त पुलिस टीम ने वॉयज हॉस्टल, एमजेपीआरयू के मुख्य गेट के पास से सुजय राय को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से, कल्ल्रल्ल७ कंपनी का मोबाइल (फर्जी वेबसाइट से जुड़ा नंबर चालू), ऊीह्लह्ल कंपनी का लैपटॉप, एमजेपीआरयू नाम की दो फर्जी डिग्रियों की छायाप्रति बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त सुजय राय (बी-टैक पास) ने कबूल किया कि वह और उसका दोस्त धर्मेन्द्र कुमार मिलकर यह फर्जी वेबसाइट चलाते थे। उनका मकसद था, विदेश जाने के इच्छुक छात्रों के लिए फर्जी मार्कशीट और डिग्री बनाना, स्टूडेंट वीजा आवेदन के दौरान अपनी फर्जी वेबसाइट को विश्वविद्यालय का वफछ बताना, वेरिफिकेशन में विदेशी संस्थाओं को भ्रमित कर मोटा पैसा ऐंठना असली सर्टिफिकेट की नकल के लिए वे विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों से संपर्क कर उनके प्रमाणपत्रों की फोटो लेते थे। अभियुक्त के खिलाफ धारा 319 (2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस एवं आईटी एक्ट 66उ / 66ऊ के तहत कार्रवाई करते हुए 27 दिसंबर 2025 को देर शाम गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# ईडब्ल्यूएस सरलीकरण के लिए एकजुट हुआ सवर्ण समाज

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/गोवर्धन।** ईडब्ल्यूएस के सरलीकरण व ईडब्ल्यूएस प्रतिशत बढ़ाने व एससी एसटी एक्ट के खिलाफ सवर्ण समाज द्वारा गोवर्धन स्थित श्री राधाकृष्ण गार्डन में महापंचायत की। जहां सवर्ण समाज ने एकजुट होकर ईडब्ल्यूएस को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत व इसके सरलीकरण को लेकर हुंकार भरी। महापंचायत में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश रघुवंशी व मुख्य अतिथि किसान मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह राजावत को पदोन्नति करते हुए प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया।

वहीं कान्हा ठाकुर को नव जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। इस दौरान राकेश रघुवंशी ने कहा कि एससी एसटी एक्ट ने सवर्ण समाज से मान सम्मान खोने का कार्य किया है। 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस देकर सवर्ण समाज के साथ सरकार ने छलावा किया है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सबसे ज्यादा समाज का तिरस्कार इसी सरकार में हुआ है।

हम भीख नहीं मांग रहे अपना अधिकार मांग रहे हैं। किसान मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह ने कहा कि तिलक तराजू और तलवार, लड़कर लेंगे अपना अधिकार। अब हमें अपने अधिकार लेने ही होंगे। राष्ट्रवादी करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष करण ठाकुर ने कहा कि एक देश एक चुनाव हो सकता है तो आरक्षण खत्म क्यों नहीं हो सकता। सरकार को समस्त आरक्षण प्रक्रिया को ही खत्म कर देना चाहिए। कौशल किशोर महाराज ने सवर्ण समाज कि तुलना ज्ञान वैराग्य से की।

कहा कि जिस तरह ज्ञान वैराग्य को जगाया गया था उसी तरह सवर्ण समाज को भी जगाना होगा। नवनियुक्त प्रदेश सचिव कन्हैया सिंह राजावत ने नारा देते हुए कहा कि ब्राह्मण, ठाकुर, लाला, बनिया, सब मिलकर बदलो अपनी दुनिया। इस मौके पर श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, सवर्ण आर्मी, भाकियू भानु, क्षत्रिय करणी सेना, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा आदि संगठनों ने सहभागिता की।

किरणपाल सिंह, सुजान सिंह, सियाराम सिंह, आशुतोष चौहान, सतीश छौंकर, हिमांशु, गोविंदा, विजय सिंह, ओमहरी आदि मौजूद रहे। महापंचायत की अध्यक्षता ठाकुर नवल सिंह ने की। संचालन ठाकुर यशवीर सिंह राघव व पवन दुबे ने किया।

# भा०म० संघ के प्रदेश अध्यक्ष विश्वेश्वर राय जी वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर्स कल्याण समिति उ०प्र० के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक परिसंघ की केन्द्रीय कार्य समिति की स्वीकृति पर विश्वेश्वर राय प्रदेश अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ उ०प्र० को उनके अतिरिक्त प्रभार के रूप में वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर्स कल्याण समिति उ०प्र० में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। उक्त के अतिरिक्त सतीश सिंह (वाराणसी), राकेश गुप्ता (जालौन), मुन्नालाल (झांसी), मोहन सिंह (झांसी) को प्रदेश मन्त्री एवं रविन्द्र कुमार रावत को उनकी सहमति पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य के दायित्व सौंपे गए। जिला कार्यकारी अध्यक्ष आनन्द कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में केन्द्रीय कार्य समिति की भूरि-भूरि प्रशंसा की व बधाई दी गई तथा मिष्ठान वितरित कर खुशियां मनाई गईं। वक्ताओं द्वारा बताया गया कि भारतीय मजदूर संघ उ०प्र० के मुखिया को वरिष्ठ जनों का प्रदेश नेतृत्व सौपने पर जहां प्रदेश के समस्त 75 जिलों में संगठन का व्यापक विस्तार होगा वहीं उनके कुशल नेतृत्व में वरिष्ठ जनों के कल्याण हेतु संगठन को नई दिशा मिलेगी। प्रदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुरजोर मांग की गई कि उत्तर प्रदेश रोडवेज बसों में अन्य प्रदेशों की भांति वरिष्ठजनों को यात्रा में रियायत प्रदान की जाये तथा हरियाणा एवं अन्य प्रदेशों की भाति ई०पी०एस० की मिनिमम पेंशन 1000/- रु० में प्रदेश का अंशदान मिलाकर कम से कम 5000/- रु० की धनराशि प्रदान की जाये। बैठक में अजय कुमार सक्सेना एडवोकेट, विजय कुमार वर्मा, एस०एस० सिंह, गिरवर सिंह, विजय कुमार छत्रसाल, विजय वर्मा, हरि किशन बांकरे, मुन्नालाल, आर०के० सोनी, सन्त प्रकाश वर्मा, गोविन्द सोनी आदि उपस्थित रहे।

# शमशान में जिनकी स्मृति में लगी कुर्सियां, वह भी मतदाता, अड़ींग में मृतक पूर्व प्रधान भी हैं वोटर

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** गोवर्धन तहसील की ग्राम पंचायत अड़ींग की मतदाता सूचियों में ब्यापक गड़बड़ी सामने आई हैं। बी एल ओ की रिपोर्ट के बाद भी करीब पांच सैकड़ा मृतक एवं अन्यत्र बस चुके लोगों के नाम सूची में हैं। मृतक पूर्व प्रधान पुष्पा देवी भी मतदाता हैं और जिनकी स्मृति में शमशान में कुर्सियां लग चुकी हैं ऐसे रामेश्वर प्रसाद गौड़ भी मत डालने के अधिकारी हैं। कयी भी एवं ओ ने शादीशुदा लड़कियों और मृतकों के नाम कटने वाली सूची में भेजे ही नहीं हैं। बार्ड संख्या 12,13,14 एवं 15 करीब 400 मतदाता जोकि बाहर बस चुके या मर चुके हैं लेकिन वोटर लिस्ट में अभी भी जीवित हैं। बार्ड 12 में क्रमांक 7718 पुष्पा देवी पत्नी सतीश चंद्र गांव की प्रधान रह चुकी हैं। पति पत्नी दोनों की मृत्यु हो चुकी है लेकिन वह अभी भी मतदाता हैं। इसी बार्ड के क्रमांक 7740 के मतदाता रामेश्वर प्रसाद गौड़ की स्मृति में शमशान में कुर्सियां लगी हैं जिन पर उनका नाम अंकित है लेकिन वह परलोक सिधारने के बाद भी मतदाता हैं। इतना ही नहीं बार्ड 12 के पहले पन्ने पर ही मर चुके, पलायित दो दर्जन लोगों के नाम वोटर लिस्ट में अंकित हैं।

बार्ड संख्या 5-6 में भी मृतकों के नाम कटने को ही बेहद कम दिए हैं। इन दोनों में क्रमशः 11 एवं 20 नाम दिए हैं जबकि मृतक, शादीशुदा लड़कियों और बाहर बस चुके लोगों की संख्या काफी है। यहां जिंदा लोगों के नाम काटने की शिकायत के चलते बीएलओ बूथ के बजाय गामेती मुहल्ले में जाकर वोट बढ़ाने को फार्म भरते नजर आए।

बार्ड संख्या 2,3 और 4 में भी वोट काटने का काम नहीं हुआ। यहां भी मृतक, बाहर बस चुके लोगों की संख्या काफी है लेकिन केवल 44 नाम काटने को दिए। इनमें से काफी गोवर्धन तहसील स्तर से भी एवं ओ की रिपोर्ट के बाद भी नहीं कटे हैं। यहां करीब 350 नये मतदाता बनाए गये हैं। बार्ड नंबर 1 में 207 वोटर बढ़े हैं लेकिन कटने वाले 25 हैं। एक दर्जन में संशोधन हुआ है।

# अलीगढ़ की धमाकेदार जीत, स्टार नेस्ट आगरा को 125 रनों से रौंदा

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/बरसाना।** 45वें बरसाना आमंत्रित क्रिकेट टूनार्मेंट के चौथे लीग मैच में सहारा अलीगढ़ ने अपने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर स्टार नेस्ट क्रिकेट एकेडमी, आगरा को 125 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का आगरा का फैसला उस समय गलत साबित हुआ जब अलीगढ़ के बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार कर दी।

सहारा अलीगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में मात्र 5 विकेट खोकर 269 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।




टीम की ओर से अनुभव सिंह ने विध्वंसक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 54 गेंदों में 121 रन बनाए, जिसमें 13 छक्के और 9 चौके शामिल रहे। उनका भरपूर साथ माधव वशिष्ठ ने दिया, जिन्होंने 29 गेंदों में 7 छक्कों और 4 चौकों की मदद से नाबाद 67 रनों की पारी खेली। आगरा की ओर से गेंदबाजी में अमित कुमार ने 32 रन देकर 3 विकेट झटके, लेकिन वह रनों की रफ्तार पर अंकुश नहीं लगा सके।

लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ाई आगरा

270 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार नेस्ट क्रिकेट एकेडमी, आगरा की टीम दबाव में बिखर गई और पूरी टीम 144 रनों पर सिमट गई। आगरा की ओर से सत्या कुमार ने संघर्ष करते हुए 21 गेंदों में 43 रन (5 छक्के, 3 चौके) बनाए और मयंक ने 24 गेंदों में 21 रनों का योगदान दिया। सहारा अलीगढ़ की ओर से ऋषभ सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट लिए।

# कड़ाके की ठंड में राहत पहुंचाने को वितरण हुए 500 कंबल



**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** आराजी लाइन ब्लॉक के प्रतातपुर गांव (मिजार्मुराद) स्थित यशपाल सिंह आइवी लीग स्कूल में रविवार को रोटरी क्लब बनारस के द्वारा वृद्ध महिलाओं और पुरुषों में 500 कंबल वितरण किया गया।अध्यक्ष रोटेरियन विजय जायसवाल ने कहां की रोटरी क्लब का मूल उद्देश्य समाज सेवा करना है, उसी उद्देश्य के तहत बनारस में पड़ रहे कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कंबल वितरण किया गया है और आगे भी अन्य गांवों में वितरण किया जाएगा।इस अवसर पर लेडी कन्वीनर रोटेनियन सविता सिंह, कोऑर्डिनेटर रोटेरियन उमा केजरीवाल, मुदित अग्रवाल, प्रबंधक रोहित सिंह, जिला पंचायत सदस्य अमन सिंह, विजय नरूला, सचिन पारिख, कपिल, आशीष, सुधा, अजय, शाश्वत, सुनील पारीक समेत अन्य लोग रहे।

# एक मैजिक से दो भैस और आठ पड़वा बरामद, चालक फरार

**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को मेंहदीगंज अंडरपास के पास से वाहन चेकिंग के दौरान एक मैजिक में ठूस के भरे गए दस गोवंश को बरामद कर लिए कोहरे का फायदा उठाकर मैजिक चालक भाग निकला। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मेंहदीगंज में वाहन चेकिंग कर रहे थे उसी समय रखौना की तरफ से एक मैजिक बिना नंबर की पुलिस को आते दिखाई दिया।पुलिस द्वारा जब मैजिक को रोकने का इशारा किया गया तो चालक वाहन लेकर भागने लगा जिसपर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मैजिक को रोक लिए लेकिन कोहरे का फायदा उठाकर मैजिक चालक भाग निकला।पुलिस द्वारा खजुरी चौकी पर मैजिक लाकर जब खोलकर चेक किया गया तो उसमें ठूसकर भरे गए दो भैस व आठ पड़वा भरा हुआ था।पुलिस ने सभी गोवंश को बाहर निकालर गौशाला शाहनशापुर भेज दी।पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है जल्द चालक गिरफ्तार कर लिया जाएगा।बरामदगी टीम में चौकी प्रभारी के साथ एसआई साबिर खान, हेड कांस्टेबल दयाराम यादव, कांस्टेबल साहिल, रामाश्रय सरोज रहे।

## एनएच पर दौड़ते मिट्टी से भरे ट्रैक्टरों को रोकने में कोहरा भी नाकाम

**डिबाई।** विगत समय में तहसील सहित तमाम जिम्मेदार अधिकारियों के तबादले के बाद वर्तमान समय में कोतवाली क्षेत्र डिबाई अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर अवैध मिट्टी खनन निर्बाध रूप से जारी है। खबरें प्रकाशित हो रही हैं परन्तु मानो खनन माफियाओं के पास कोई दिव्य शक्ति है कि जितना समाचार प्रकाशित होता है उनके हौसले उतने ही बुलंद होते दिख जाते हैं। इन अवैध खनन कताओं के हौसलों और कॉन्टैक्ट की पराकाष्ठा तो तब हो जाती है कि मथुरा हाइवे पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद जनपद बुलंदशहर के आला अधिकारियों द्वारा भी न सिर्फ मार्मिक बल्कि निदेर्शात्मक अपील की गई थी कि बढ़ते हुए कोहरे में विजिबिलिटी लगभग शून्य हो जाने की स्थिति में सड़कों पर ऐसे वाहन न चलाए जाएं जिन्हें कोहरे में उचित दूरी पर देखा न जा सके। साथ ही ये भी कहा गया कि यदि बहुत अधिक आवश्यक हो तभी आम व्यक्ति घर से बाहर निकलें। परन्तु इस सबसे इतर जैसे ही जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा ये अपील की गई तभी सूत्रों की माने तो डिबाई के एनएच 509 पर निर्बाध रूप से मिट्टी से भरे डंफर बेखौफ दौड़ाए गए।

# थाना जहांगीरपुरी के स्टाफ द्वारा एक ऑटो-लिफ्टर गिरफ्तार।

**एहसान अंसारी**

**नई दिल्लीः** उत्तर पश्चिम थाना जहांगीरपुरी के गश्ती स्टाफ ने एक ऑटो-लिफ्टर नाम सुजीत हलदर पुत्र मोहन हलदर, निवासी जहांगीरपुरी, दिल्ली, उम्र-30 वर्ष को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 01 चोरी की स्कूटी एवं 01 चोरी किया हुआ मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी ने आसानी से पैसा कमाने के लिए अपराध करना शुरू किया। आरोपी सुजीत हलदर प्रथम बार अपराध करने वाला पाया गया है।

क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त हेतु स्टाफ की तैनाती की गई थी। दिनांक 27.12.25 को थाना जहांगीरपुरी के ल्हउ विनोद, उ३. विपुल एवं उ३. भूपेन्द्र, निरीक्षक सोमिल शर्मा, कार्यवाहक रलड/थाना जहांगीरपुरी के पर्यवेक्षण में तथा श्री योगेन्द्र खोखर, अउढ/जहांगीरपुरी, दिल्ली के समग्र पर्यवेक्षण में गश्त ड्यूटी पर थे।

गश्त के दौरान स्टाफ कुशल सिनेमा रोड, रामलीला ग्राउंड के सामने पहुंचा, जहां उन्होंने स्कूटी पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगा, परंतु स्टाफ की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से उसे सफलतापूर्वक काबू कर लिया गया। पूछताछ पर उसकी पहचान सुजीत हलदर पुत्र मोहन हलदर, निवासी जहांगीरपुरी, दिल्ली, उम्र-30 वर्ष के रूप में हुई। सत्यापन पर बरामद स्कूटी संख्या ऊछ 8र उइ 7068 थाना आदर्श नगर क्षेत्र से चोरी की पाई गई। उसकी तलाशी के दौरान एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जो थाना महेन्द्र पार्क क्षेत्र से चोरी का पाया गया।

उसकी अन्य मामलों में संलिप्तता के संबंध में भी आगे प्रयास किए जा रहे हैं। सुजीत हलदर पुत्र मोहन हलदर, निवासी जहांगीरपुरी, दिल्ली, उम्र-30 वर्ष।



## मोबिलिटी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि, वर्षों से अनुपयोगी पड़े ट्रैक पर शुरू हुआ संचालन

**झांसी!** मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरुद्ध कुमार के कुशल नेतृत्व में झांसी मंडल द्वारा रेल परिचालन को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। डीजल लोको शेड झांसी के पश्चिम द्वार की ओर वर्षों से अनुपयोगी पड़े ट्रैक को पुनः विकसित कर संचालन हेतु खोल दिया गया है। इस ट्रैक के चालू होने से डीजल लोको (ऊरछ लोको) का आवागमन अब ठफऊ / एछर / इकठअ की दिशा में बिना मेन लाइन को प्रभावित किए किया जा सकेगा। इससे न केवल परिचालन में आसानी होगी, बल्कि मेन लाइन पर दबाव भी कम होगा, जिससे समयपालन एवं संरक्षित रेल संचालन को बढ़ावा मिलेगा। यह नया परिचालन मार्ग कंट्रोल / फफक द्वारा आवश्यकता अनुसार उपयोग में लाया जा सकेगा, जिससे आपात स्थिति एवं नियमित संचालन दोनों में सुविधा प्राप्त होगी।

# सात सौ पचास ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के बेनीपुर-नागेपुर नहर मार्ग पर रविवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी ने एक युवक को सात सौ पचास ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी के बाद जेल भेज दिये।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि खजुरी चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे उसी समय एक युवक एक झोला लेकर जा रहा था पुलिस को देखते ही भागने लगा।जिसपर चौकी प्रभारी ने टीम के साथ घेराबंदी कर युवक को रोकर झोला चेक किये तो उसमें नाजायज सात सौ पचास ग्राम गांजा था।पुलिस ने पकड़े गए गणेशपुर गांव (मिजार्मुराद) निवासी संतोष को गिरफ्तार करते हुए मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिये।




# जय नारायण क्रिकेट एकेडमी और मां भागीरथी मेडिकल गाजीपुर टीम बनी विजेता

**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** स्वर्गीय बाबू रामखेलावन सिंह स्मृति राज्य आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन खोचवा गांव (रूपापुर) के सूर्या पार्क मैदान पर चौथा दिन के पहले मैच जय नारायण क्रिकेट एकडमी वाराणसी और देव नर्सिंग होम मिजार्पुर के बिच 15-15 ओवरो का खेला गया। जिसमें जय नारायण क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया जिसमें देव नर्सिंग होम ने 15 ओवरों में 91 रन बनाये जिसमें संदीप ने 17 गेंद पे 25 रन और शिवम ने 14 गेंद 11 रन बनाये। जय नारायण क्रिकेट एकेडमी के तरफ से संदीप गुप्ता ने 3 ओवर 19 रन 3 विकेट लिये जवाब में जय नारायण क्रिकेट एकेडमी ने 3 विकेट खोकर 92 रन बनाकर मैच 7 विकेट से मैच जीत लिया। जय नारायण क्रिकेट एकेडमी के तरफ से संदीप गुप्ता 14 गेंद पर 39 रन 2 छक्के 4 चौका की मदद से बनाए और गालिब ने 24 गेंद पर 33 रन बनाए जय नारायण क्रिकेट एकेडमी के तरफ से संदीप गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरे मैच मां भागीरथी मेडिकल गाजीपुर और विवेक क्रिकेट एकेडमी के बीच 15-15 ओवरो का खेला गया जिसमें मां भागीरथी मेडिकल गाजीपुर ने 15 ओवर मे 10 विकेट पर 129 रन बनाया। जिसमें अश्मित यादव 08 गेंद पर 27 रन और अमित यादव ने 28 रन विवेक क्रिकेट एकेडमी भदोही की तरफ से निशांत सिंह ने 3 ओवर मे 17 रन देकर 3 विकेट लिए, जबाब मे विवेक क्रिकेट एकेडमी 14.2ओवर मे 90 रन पर ऑल आउट हो गई,जिससे कि मैच को मां भागीरथी मेडिकल गाजीपुर ने 37 रन से जीत लिया, जिसमें अश्मित यादव को मेन ऑफ द मैच चुना गया।




# जे पी विद्या मंदिर तौमडी की फुटबॉल टीम ने नेपाल में किया देश का नाम रोशन



**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** नेपाल में आयोजित इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर जे पी विद्या मंदिर तौमडी की फुटबॉल टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। टीम की इस उपलब्धि से समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ी है। इन्डो -नेपाल अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 सीरीज के अंतर्गत फिट इंडिया पहल के अंतर्गत नेपाल के रंगशाला स्टेडियम पोखरा में 21 से 25 दिसंबर तक आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में भारत के अलग-अलग राज्यों से फुटबॉल बास्केटबॉल हाकी और तीरंदाजी आदि खेलों में अंडर 14,17, एवं 19 श्रेणी में टीमों ने हिस्सा लिया था।इसी कड़ी में जे पी विद्या मंदिर तौमडी की फुटबॉल टीम ने अंडर 14 आयु वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए इंण्डोनेशिया एवं म्यांमार की टीमों को धूल चटाते हुए फाइनल में जगह बनाई

# सर्वप्रयास सीता रसोई ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदों को 400 लिहाफ वितरित किए गए

वेलकम इंडिया



**मुरादाबाद।** महानगर में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व अन्य सेवा कार्यो में सलंग्न अग्रणी संस्था सर्वप्रयास सीता रसोई ट्रस्ट की ओर से 28 दिसम्बर को बुद्धि विहार खुशहालपुर रोड स्थित चॉइस बैंक्वेट हाल में लिहाफ वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया ।

प्रातः 11 बजे से आरंभ हुये कार्यक्रम में सर्वप्रथम संस्था द्वारा विगत 11 वर्षो से किये जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों का वर्णन किया गया। तत्पश्चात लिहाफ वितरण में सहयोगी रहे समस्त सहयोगकताओं का संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया गया। उसके पश्चात वहां उपस्थित लगभग 400 जरूरतमंदों को लिहाफ वितरित किये गये तथा साथ ही भोजन के पैकेट भी देकर विदा किया गया।

संस्था के अध्यक्ष उदयभान सिंह ने बताया कि संस्था विगत 11 वर्षों से विभिन्न प्रकार के सामाजिक, धार्मिक व सेवा कार्यों में सलंग्न है। संस्था की ओर से ये संकल्प लिया गया था कि महानगर में किसी को भी ठंड में ठिठुरने नही दिया जाएगा। इसी संकल्प पूर्ति के क्रम में विगत 11 वर्षों से निरंतर लिहाफ वितरण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह से शुरू होकर जनवरी/फरवरी माह तक विभिन्न चरणों में महानगर व आसपास के स्थानों पर जरुरतमंदों अभावग्रस्त जनों को लिहाफ वितरण किया जाता है। इस वर्ष ये प्रथम चरण का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात फरवरी माह तक अलग अलग स्थानों पर 800 से 1000 लिहफों के वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

संस्था के स्वयंसेवक विभिन्न बस्तियों में भृमण कर जरूरतमंद पात्रों का चयन करके उनको संस्था की ओर से कूपन देते हैं फिर चयनित लाभार्थियों को नियत तिथि व स्थान पर लिहाफ वितरण किया जाता है। इसके अतिरिक्त भी यदि संस्था की जानकारी में किसी भी माध्यम से कोई अभावग्रस्त या जरूरतमंद आता है तो उसको उसी स्थान पर भी लिहाफ, भोजन, वस्त्र या जो भी आवश्यकता हो वो उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में संस्था के समस्त सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील कुमार शर्मा, सुधांशू कौशिक, संजीव शर्मा, धीरज गुप्ता, विवेक पांडेय, दीपक गुप्ता, हृदयेश सिंह, सत्यप्रकाश वार्ष्णेय, शिवओम गुप्ता, नरेश अरोड़ा, राजेंद्र प्रसाद सक्सेना, धर्म प्रकाश शर्मा, डॉ.माधव शर्मा, सुनील कपूर, इं. सुनील शर्मा, अक्षय शर्मा, पुनीत अग्रवाल, राकेश वर्मा, रूपचंद मित्तल, मनोज कुमार सिन्हा, गिरिजा शंकर पांडेय, डॉ. हेमंत चौधरी, शरद माथुर, सौरभ शंखदार, निशांत रस्तोगी, डॉ. प्रदीप शर्मा, पवन कपूर, नितिन दीक्षित, राहुल तिवारी, अनिता गुप्ता, सुप्रीत सिंह, अंजलि गौड़, जूही माथुर, गीता शर्मा, छाया गुप्ता, जूही शर्मा, शिखा शर्मा, अंजू पांडेय, सीमा गुप्ता, सुनीता चौधरी, बीना सिंह, मीनू चौहान, अर्चना रानी, जीवनलता शर्मा, निधि गुप्ता, डॉ. रेखा रानी, आदि का विशेष सहयोग रहा।

## चाकू मारकर घायल करने के दो आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू व डंडा बरामद

बुलंदशहर रविवार को वादी कमल पुत्र कंछिद निवासी इमामाबाद थाना खानपुर जनपद बुलंदशहर द्वारा थाना खानपुर पर तहरीर दी गयी कि उसके भाई राजकुमार पुत्र कंछिद निवासी उपरोक्त को अभियुक्तों द्वारा चाकू व डंडे से वार कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खानपुर पर मुअसं-312/25 धारा 352, 351(3), 109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में रविवार को ही थाना खानपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ मिन्टू व अनुज उर्फ गुट्टी को घटना में प्रयुक्त चाकू व डंडे सहित ग्राम इमामाबाद के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खानपुर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। *मारपीट का कारण- * अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि राजकुमार के हरीश पर 25 लाख रुपये उधार है

जिनकों मांगने राजकुमार उनके सुअर फार्म पर आया था तथा पैसे मांगने के दौरान हम लोगों में कहासुनी एवं मारपीट हो गयी। मारपीट में हम लोगों ने राजकुमार पर डंडे व चाकू से हमला कर घायल कर दिया और वहां से भाग गये।

# कात्यानी शिव मंदिर, के.जी.के. कॉलेज में श्री राम कथा का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद।** कात्यानी शिव मंदिर, केजीके कॉलेज लाइनपार, मुरादाबाद में श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ, कानपुर से आए पंडित अनिल शास्त्री कथा वाचक द्वारा कथा की जा रही है।

पंडित अनिल शास्त्री ने कथा श्रवण करते हुए बताया कि ऋषि विश्वामित्र, प्रभु राम, लक्ष्मण जी को लेकर मिथिला नगर पहुंचे। जनक जी के आग्रह पर विश्वामित्र राम, लक्ष्मण को लेकर रंगभूमि में पधारे, जनक जी के द्वारा धनुषभंजन की प्रतिज्ञा सभी राजाओं को बताई गई, लेकिन कोई भी राजा धनुष भंग नहीं कर पाया विश्वामित्र जी के आदेश पर प्रभु राम ने धनुष का खंडन किया। महाराज जनक जी ब मिथिलानगर के वासियों ने प्रभु श्री राम जी की बारात का स्वागत किया। विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। श्रद्धालु भाव विभोर होकर खूब झूम उठे और नृत्य करने लगे। परशुराम जी के आने पर धनुष खंडन में क्रोध किया गया तथा लक्ष्मण जी से संवाद भी हुआ अंत में परशुराम जी प्रभु श्री राम को पहचान गए और आशीर्वाद देकर महिंद्रगिरी पर्वत पर चले गए ।

कमेटी सदस्यों में हरीश दुबे, विशाल शुक्ला, महंत देवेंद्र शर्मा, मोनू पंडित, अनुराग शर्मा, त्रिलोकनाथ, विनय ठाकुर, राज कपूर तथा महिलाओं में कमलेश शर्मा, डॉ मृदुल दुबे, मीनू ठाकुर, शालिनी शर्मा, दीपा शुक्ला आदि का सहयोग रहा।

# रेल संबंधित समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने चंद्रशेखर के नाम चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को सौंपा मांग पत्र



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद मे व्यापारियों ने मान्य सांसद चन्द्रशेखर आजाद जी के नाम चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को रेल सम्बंधित समास्याओं का मांग पत्र सौंपा नजीबाबाद से दिल्ली जाने वाली कम से कम एक ट्रेन का समय प्रातः 4 बजे से 5 बजे के बिच निर्धारित किया जाए, जिससे व्यापारी एवं अन्य यात्री समय पर दिल्ली पहुंचें सकें। उदाहरणस्वरूप ट्रेन संख्या 14090 का समय प्रातः 4 बजे किया जा सकता है। इससे जिला बिजनौर के सभी आम नागरिक और व्याापारी दिल्ली से मुम्बाई जाने के लिए भी सुविधा रहेगी। साथ ही, दिल्ली से नजीबाबाद वापसी के लिए भी कोई उपयुक्त समय निर्धारित किया जाए, जिससे व्यापारी अपना कार्य पूर्ण कर शाम 9 बजे से 10 बजे तक ट्रेन का समय दिल्ली से नजीबाबाद वापस आ सके मांग पत्र सौंपने वालों मे मोनू टाटा दीपांशु वर्मा फरहत खान अमन सिद्दीकी लईक प्रशांत दिलशाद विशाल सैफी मनीष अरशद जीशान मुल्तानी अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने किया अस्थाई गौशाला का निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**बाड़ी धौलपुर राजस्थान।** बाड़ी स्थित पुराना थाना परिसर में संचालित अस्थाई गौशाला का रविवार शाम को नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में संरक्षित गायों की स्थिति का जायजा लिया गया तथा उनके लिए अलाव की व्यवस्था, गुड़, आटा एवं हरे चारे की उपलब्धता की जांच की गई।

अधिशाषी अधिकारी ने सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गौवंश की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने एवं आवश्यक सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा गायों के लिए प्रतिदिन गुड़, आटा एवं हरा चारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर टाउन प्लानिंग स्पेशलिस्ट तपेश बिधूडी सहित नगर पालिका के सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका प्रशासन द्वारा गौवंश संरक्षण एवं उनके कल्याण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# नूरपुर के एपेक्स अस्पताल में मिला महिला को नया जीवन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** स्वास्थ्य के क्षेत्र में नूरपुर के एपेक्स अस्पताल ने एक बार फिर अपनी विशेषज्ञता का लोहा मनवाया है। अस्पताल के डॉक्टर नितिन गोयल ने एक महिला को ला इलाज समझी जाने वाली बीमारी से निजात दिलाकर उसे नई जिंदगी दी है। महिला सावित्री के पति कृष्ण कुमार निवासी तालमपुर नहटौर जनपद बिजनौर के ने बताया कि उन्होंने इलाज के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। वे कई बड़े शहरों के डॉक्टरों के पास गए, लेकिन कहीं से भी कोई राहत नहीं मिली। बार-बार इलाज बदलने और भारी खर्च के बाद भी मर्ज कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा था, जिससे परिवार पूरी तरह हताश हो चुका था। परिवार ने हार न मानते हुए नूरपुर स्थित एपेक्स हॉस्पिटल के डॉक्टर नितिन गोयल से संपर्क किया। डॉ. नितिन गोयल ने महिला की स्थिति का गहन निरीक्षण किया और आधुनिक चिकित्सा पद्धति से उसका उपचार शुरू किया। डॉ. नितिन गोयल के कुशल निर्देशन में मात्र कुछ हफ्तों के इलाज के बाद महिला की तबीयत काफी ठीक है वह चल फिर भी रही है। डॉ. नितिन गोयल ने बताया कि महिला की स्थिति काफी गंभीर थी। महिला के पित्ते में पथरी थी दिल फैला होने के कारण कोई डॉक्टर ऑपरेशन करने के लिए तैयार नहीं था। काफी हॉस्पिटल में जाने के बाद वह हमारे पास आए। दिल फैला हुआ था, निमोनिया जैसी बीमारी ने काफी परेशान किया हुए था, टीएलसी भी काफी बड़ी हुई थी, काला पीलिया भी था, लीवर में सूजन काफी परेशान होने के बावजूद उन्हें ऑपरेशन न होने के कारण दर्द वगैरह की समस्या झेलनी पड़ रही थी। इन सब चीजों को संज्ञान में लेते हुए उनको कुछ दिन भर्ती किया उनकी यह सब समस्याओं को हल किया दिल को मजबूत किया उसके बाद उन्हें ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया। ऑपरेशन हुआ अब फिलहाल ऑपरेशन हुए काफी दिन हो गए हैं अब ठीक है चल फिर रही हैं। महिला और उसके परिवार ने इस 'चमत्कार' के लिए



डॉ नीतिन गोयल

डॉ. नितिन गोयल और एपेक्स हॉस्पिटल के प्रति आभार व्यक्त किया है। परिजनों का कहना है कि उन्होंने सावित्री देवी के स्वस्थ होने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन एपेक्स अस्पताल ने उसे नया जीवन दिया है। इससे यह साबित होता है कि यदि सही समय पर सही विशेषज्ञ की सलाह ली जाए, तो गंभीर बीमारियों को भी हराया जा सकता है। नूरपुर क्षेत्र के लिए एपेक्स अस्पताल का यह सफल प्रयास चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है।

# पंडित आयुष कौशिक के निधन पर शोक

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। महाकाल भक्त मंडल के तत्वाधान में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित आयुष कौशिक के निधन पर शोक जताया गया। महाकाल भक्त मंडल के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की और भगवान आशुतोष से यह भी प्रार्थना की भगवान उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। बताते चले कि प्रतिवर्ष श्रावण मास में महाकाल भक्त मंडल के बैनर तले होने वाले रुद्राभिषेक का प्रारंभ पंडित आयुष कौशिक जी द्वारा किया गया था। लगातार तीन वर्ष तक पंडित आयुष कौशिक द्वारा महाकाल भक्त मंडल के बैनर तले श्रावण मास में ब्रह्म मुहूर्त में रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया था। वह बहुत ही भक्ति भाव से अपने यजमानों की पूजा अर्चना संपन्न कराते थे। शोकसभा में सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, देवेंद्र प्रजापति, प्रदीप कुमार, आयुष्मान चंद्रा, सागर, ऋषभ, अमित चौहान, आकाश भटनागर, हर्ष शर्मा, हरि ओम आदि रहे।

# आवंटन को निरस्त करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर कस्बे के गोल सर्किल पर बैठे लोग

वेलकम इंडिया



**राजगढ़ अलवर राजस्थान।** राजगढ़ आवाज मंच के बैनर तले केंद्रीय विधालय एवं रैणी क्षेत्र के दलालपुरा में किये गए आवंटन को निरस्त करने की मांग को लेकर राजगढ़ कस्बे के बाजार पांचवे दिन भी सम्पूर्ण रूप से बंद रहे। राजगढ़ आवाज मंच के मुकेश जैमन शनिवार सांय से आमरण अनशन पर कस्बे के गोल सर्किल पर बैठे रहे तथा उनके पांच आंदोलनकारी क्रमिक अनशन पर बैठे हुए है। मुकेश जैमन ने बताया कि लगभग सारे राजस्थान को पता है कि अलवर जिले का एक एतिहासिक कस्बे राजगढ़ के लिये केंद्रीय विधालय स्वीकृत किया गया था और केंद्रीय विधालय को रैणी के दलालपुरा में हस्तांतरित किया गया है। राजगढ़ में पिछले कई दिनों से आंदोलन चल रहे है। सभाएं एवं धरना प्रदर्शन, ज्ञापन दिए गए। पिछले पांच दिनों से अनिश्चितकालीन राजगढ़ कस्बा सम्पूर्ण बंद है। दो महापड़ाव हुए लेकिन इसके बावजूद भी शासन-प्रशासन भी संवेदनहीन बनी हुई है। इस बात से व्यथित होकर शनिवार से वे आमरण अनशन पर है। इसके अलावा रविन्द्र नरुका, राजपाल मीना, दिनेश परेवा, मन्नू मिश्राज दिनेश परेवा व प्रकाश चन्द सैनी 24-24 घण्टे के क्रमिक अनशन पर है। उन्होंने बताया कि उनका आमरण अनशन जब तक जारी रहेगा जब तक मांगे नही मानी जाती है। इस मौके पर सभी व्यापारी व सामाजिक संगठन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अष्टम दिवस पर रामकथा मे हनुमान से मिलन , कथा मे श्रद्धालु झूमते नजर आए

वेलकम इंडिया



**सरदारशहर राजस्थान।** माहेश्वरी ट्रस्ट सरदारशहर के तत्वाधान में माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित संगीतमय राम कथा परम-श्रद्धेय पण्डित कृष्णानंद जी महाराज द्वारा रामकथा के अष्टम दिवस पर राम जी का हनुमान से मिलन का संवाद सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो गए और तालीया बजाकर कथा का आनंद लेते नजर आए वही कथा स्थल पुरी तरह भक्ति, और आनंद से सराबोर रहा। आठवे दिन श्रद्धालुओ की संख्या काफी देखने को मिली और व्यासपीठ से भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का मधुर वर्णन किया गया, बाल रूप में श्रीराम की सरलता, सौम्यता और दिव्यता ने सभी के हृदय को छू लिया, बाल राम दर्शन का अत्यंत भावपूर्ण प्रसंग आया। यह बताया गया कि स्वयं महादेव भी बालक राम के दर्शन कर आनंदित हो उठे, भगवान राम की महिमा और भक्तवत्सलता प्रकट होती है भगवान राम की करुणा और उद्धार शक्ति का सुंदर वर्णन किया गया। की चरण स्पर्श मात्र से अहिल्या का उद्धार होना यह संदेश देता है कि प्रभु की शरण में जाने से पतित से पतित का भी कल्याण हो जाता है, कथा में श्रीराम के पराक्रम और मयार्दा का वर्णन हुआ।

# किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष खेल सिंह राजपूत नेतृत्व कार्यक्रम आयोजित किया गया

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद क्षेत्र के बूथ संख्या 281 ततारपुर लालू शिव मंदिर के प्रांगण में भाजपा किसान मोर्चा के साथ मोदी के मन की बात के 129 वा 2025 का आखिरी एपिसोड बीजेपी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में सुना किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष खेल सिंह राजपूत के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात का 129वां एपिसोड संबोधित किया। यह इस साल का आखिरी एपिसोड है। इस एपिसोड में, उन्होंने 2025 की उपलब्धियों और नए साल 2026 की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया है, जो देश की सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख किया, जैसे कि शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचना ।पीएम मोदी ने कहा कि 2025 खेल के लिहाज से भी एक यादगार साल था, जिसमें भारत की पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती और महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप जीता ।पीएम मोदी ने युवाओं से अपने विचार साझा करने के लिए विकसित भारत युवा नेताओं के संवाद में शामिल होने का आग्रह किया। मन की बात कार्यक्रम मैं



मुख्य अतिथि के रूप में खेल सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा पूर्व ब्लाक प्रमुख अवधेश कुमार , क्षेत्रीय सदस्य राजकुमार जिला उपाध्यक्ष अभिषेक कोहली, विपुल चौधरी , अंकित चौधरी, जिला मंत्री बलराज त्यागी , नगर अध्यक्ष नजीबाबाद किसान मोर्चा ललित पाल, महा मंत्री दीपक शर्मा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय भाजपा , रितेश सैन, चौधरी ईशम सिंह ,मंडल उपाध्यक्ष पिंकुर रघुवंशी ,अजय सक्सेना ,बूथ अध्यक्ष राजकमल कटारिया ,राजकुमार जिला मंत्री किसान मोचार्अंकित पवार ,नितिन त्यागी ,नितेश त्यागी, अरविंद चौधरी ,देवेंद्र चौधरी ,डॉ विपिन चौधरी ,दिनेश मेहरा ,विमला गुप्ता ,मनोज शर्मा , मदन रावत ,तेजपाल राजपूत ,हरेंद्र राजपूत ,सुशील चौहान ,प्रधान धूम सिंह आदि मौजूद रहे।

# नववर्ष कलेण्डर का टीडा गेला दादी मंदिर अर्पण कर किया विमोचन



वेलकम इंडिया

**लक्ष्मणगढ़ सीकर राजस्थान।** स्थानीय श्री श्याम बिहारी मंदिर परिसर में स्थित टीडा गेला दादी मंदिर में तारादेवी रामेश्वरलाल बजाज चैरिटेबल ट्रस्ट के नववर्ष कलेण्डर 2026 को मंत्रोच्चार के साथ दादीजी के श्री चरणों में अर्पित कर विमोचन किया गया । स्थानीय प्रतिनिधि संदीप बजाज ने. बताया की नववर्ष कलेण्डर आमजन को वितरित किये जाएँगे !इस अवसर पर पंडित अरविंद जोशी, दादी परिवार के मंत्री मुकेश बजाज उपाध्यक्ष रतनलाल बजाज, कोषाध्यक्ष नरेश बजाज संयोजक संदीप बजाज सुरेश बजाज राकेश बजाज, अमित बजाज, अंकित बजाज विवेक बजाज ने. मन्दिर में आशीर्वाद प्राप्त किया और नववर्ष के लिए मंगलकामना की ।

## मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया गया जागरूक

**कांधला।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम ने मुख्य चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।मिशन शक्ति टीम में शामिल हेड कांस्टेबल रविंदर तोमर व महिला कांस्टेबल प्रियंका शर्मा ने महिलाओं व बालिकाओं को घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, छेड़छाड़, उत्पीड़न तथा अन्य अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर महिलाएं बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें, पुलिस उनकी सहायता के लिए हर समय तत्पर है।

# स्कूटी सवार दो युवकों का संतुलन बिगड़ा हादसे में घायल

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव नानूपुरी गेट के समीप स्कूटी सवार दो युवकों की स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया। पीछे से आ रही ईको गाडी की टक्कर से दोनों युवक घायल हो गए। 108 एंबुलेंस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल रेफर किया है।

शामली के मोहल्ला कबाड़ी बाजार निवासी इमरान सैफी अपनी स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आया था और वापस स्कूटी से सवार होकर शामली जा रहा था। बीच रास्ते में कस्बा निवासी आसिफ ने स्कूटी सवार को रोक कर लिफ्ट मांग ली। स्कूटी सवार दोनों युवकों का क्षेत्र





के दिल्ली रोड स्थित नानूपपुरी गेट के समीप अचानक से संतुलन बिगड़ गया। पीछे से आ रही ईको गाड़ी ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी होने पर दोनों घायल युवकों के परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया है। खबर लिखे जाने तक परिजन दोनों घायलों को उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल ले गए और थाने पर कोई भी लिखित शिकायत नहीं की।

## युवती को नगदी व जेवरात सहित अगवा कर ले जाने का आरोप मुकदमा दर्ज

**कांधला।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हबीबपुर निवासी चार सगे भाइयों पर पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और लाखों रुपए की नगदी व जेवरात अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि विगत 24 दिसंबर की दोपहर को पीड़ित मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गया हुआ था। आरोप है कि इसी बीच बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हबीबपुर निवासी सुहैल पुत्र उस्मान पीड़ित की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया।

# गंदगी और बदहाल कच्ची सड़क से ग्रामीणों का प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** विकासखंड क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में फैली गंदगी और कच्ची सड़क का निर्माण न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव की बदहाल स्थिति से नाराज ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी ग्राम प्रधान द्वारा समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे लोगों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की मुख्य कच्ची सड़क जगह-जगह से खराब हो चुकी है, पानी की निकासी नहीं होने के कारण सड़क पर जल



भराव हो गया है।जिससे बरसात के दिनों में कीचड़ फैल जाता है और राहगीरों, स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

वहीं गांव में साफ-सफाई की व्यवस्था भी पूरी तरह चरमराई हुई है। नालियों की नियमित सफाई न होने से गंदगी फैली रहती है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गांव के बीच स्थित एक छोटे तालाब की सफाई तक ग्राम पंचायत द्वारा नहीं कराई जा रही है। मजबूरन ग्रामीणों को अपने स्तर पर चंदा और श्रम लगाकर तालाब की सफाई करानी पड़ रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि गांव में विकास कार्यों को लेकर ग्राम प्रधान पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में तत्काल साफ-सफाई कराई जाए, कच्ची सड़क का निर्माण कराया जाए तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## सार संक्षेप

### थानाध्यक्ष ने चौकीदार के मृत्यु उपरांत परिवार वालो की आर्थिक मदद



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**उसका/सिद्धार्थनगर।** प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार रविवार को पुलिस बल के साथ थानाक्षेत्र के केवटलिया गांव में ग्राम प्रहरी की दुर्घटना में आई चोटों के कारण मृत्यु होने पर उनके घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी गई तथा थाना स्तर से आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। रविवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार हरेकृष्ण उपाध्याय मय पुलिस बल के साथ थानाक्षेत्र के केवटलिया गांव में पहुंचे और बीते दिनों ग्राम प्रहरी विश्वनाथ पासवान पुत्र स्वर्गीय दुलारे को दुर्घटना में आई चोटों के कारण मृत्यु हो गई थी जिस पर उनके घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी गई तथा थाना स्थानीय से आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

### पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री ने नागरिकों के साथ सुनी मन की बात



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड नंबर 15 विश्वनाथ नगर के बूथ संख्या 21 प्राइवेट बस अड्डे के पास रविवार को पीएम मोदी के मन की बात सुनने के लिए नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता के तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्ड के नागरिकों व भाजपा कार्यकताओं ने पीएम मोदी के मन की बात के 129 वें संस्करण कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डा. सतीश द्विवेदी ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित व नमन करके किया। मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देश की उपलब्धियों पर चर्चा किया। इस मौके पर बैजनाथ गुप्ता, सचिन गुप्ता, डा. राजमणि दूबे, एडवोकेट संतोष कुमार, किशोर सोनी आदि नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वार्ड 13 के सभासद ने गरीब बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** सर्द मौसम में पारा गिरने के साथ में गरीब एवं असहाय लोगों के बच्चों को ठंड से कांपते देख रविवार को वार्ड नंबर 13 पंडित दीनदयाल नगर के सभासद शाहिद अजीज व समाजसेवी अताउल्लाह राईनी ने मोहल्ला उत्तर यादव डीह में बच्चों को गर्म कपड़े व स्वेटर वितरित किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक मौजूद रहे।

### कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता रचनात्मक कार्य करें : रंजीत सिंह

**रुदौली अयोध्या।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस रुदौली द्वारा ग्राम विचाला में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष पतीराखन ने की तथा संचालन ब्लाक उपाध्यक्ष नदीम खां ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महासचिव रंजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जिसका त्याग और बलिदान का इतिहास है।जिसका अतीत गौरव शाली रहा है।जिस पर हम सभी कांग्रेस जन गर्व कर सकते हैं तथा प्रेरणा हासिल कर सकते हैं।जबकि अन्य पार्टियां सांप्रदायिक व जातिवाद के गर्भ से पैदा है जिनका कोई इतिहास नहीं है। इस अवसर पर ब्लाक उपाध्यक्ष नदीम खां, अर्जुन, दिलीप, नूर मोहम्मद, तौफीक अहमद, जलील अहमद, हितेश, राजू, अंकित, यसीर अहमद, अजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य : चंद्रभान पहलवान



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** समाजवादी आंबेडर वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने रविवार को विधानसभा कपिलवस्तु के विकासखंड जोगिया उदयपुर के कड़जहवां गांव के जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है क्योंकि यह मानव सेवा, ईश्वर सेवा के समान है। इससे सुख शांति मिलती है और समाज में एकता व भाईचारा बढ़ता है। जरूरतमंदों की सेवा करना न केवल सामाजिक कर्तव्य है बल्कि सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करने से सामाजिक समरसता व भाईचारा बनता है।

इस दौरान समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारी घिसियावन यादव, जिला सचिव सुग्रीव यादव, नसीम खां, दीपक भारती आदि मौजूद रहे।

# सुरक्षा व्यवस्था मजबूत, चौकी प्रभारी संजय यादव की टीम ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**मोहम्मद असलम**

**खीरी टाउन।** कस्बे में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराध व दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से खीरी चौकी पुलिस द्वारा रविवार को व्यापक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान चौकी प्रभारी संजय यादव के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें हेड कांस्टेबल सूबेदार यादव एवं कांस्टेबल मनोज कुमार सिंह सक्रिय रूप से शामिल रहे। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की। वाहन चालकों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता के साथ-साथ यातायात नियमों के पालन की भी कड़ाई से पुष्टि की गई।

बिना नंबर प्लेट, संशोधित साइलेंसर, प्रदूषण प्रमाणपत्र की कमी एवं नियम विरुद्ध वाहनों के विरुद्ध



चालान व अन्य आवश्यक कार्रवाई की गई।

चौकी प्रभारी संजय यादव ने कहा कि यह अभियान सिर्फ चेकिंग नहीं, बल्कि सुरक्षा और जनविश्वास को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि अपराधों की रोकथाम, असामाजिक तत्वों की निगरानी और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने राहगीरों और वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट-सीट बेल्ट के उपयोग तथा नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया।

## ऑपरेशन शस्त्र के तहत थाना बहादुरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ के निदेर्शानुसार जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अवैध हथियारों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अंतर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस को सफलता मिली है। थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध असलहा बरामद किया गया। पुलिस ने अभियुक्त को मौके पर ही हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध हथियारों पर अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ के आदेश के अनुपालन एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर मद्यपान, शराब पीने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।उक्त अभियान के अंतर्गत हापुड़ पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर मद्यपान एवं शराब पीने के मामलों में 199 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा इन सभी के खिलाफ धारा 355 बीएनएस एवं 34 पुलिस एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई अमल में लाई गई है।

हापुड़ पुलिस ने जनपदवासियों को सचेत करते हुए बताया कि यह अभियान आगामी 15 तारीख तक लगातार जारी रहेगा। यदि इस दौरान कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर मद्यपान करता हुआ, शराब का सेवन करता हुआ अथवा शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने आमजन से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा नियमों का पालन करने की अपील की है।

# पत्रकारों की मांगों को लेकर भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पांचाल के नेतृत्व में पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भाजपा एमएलसी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह के गाव जसाल स्थित कैंप कार्यालय पर पहुंचा।



इस दौरान पत्रकारों ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपते हुए पत्रकार हितों से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया।ज्ञापन में पत्रकारों ने प्रमुख रूप से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने, सम्मानजनक पहचान, निःशुल्क अथवा रियायती चिकित्सा सुविधा, तथा परिवहन संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई। संगठन की ओर से यह भी मांग की गई कि ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पत्रकारों के लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक स्थायी कार्यालय की व्यवस्था की जाए, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों और पत्रकारों की समस्याओं के समाधान में सुविधा मिल सके।इसके साथ ही पत्रकारों ने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें मान्यता समिति में भी शामिल किया जाए, ताकि पत्रकारों से जुड़े निर्णयों में उनकी सीधी भागीदारी सुनिश्चित हो सके और जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे पत्रकारों की आवाज शासन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने पत्रकारों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे पत्रकार हितों से संबंधित मांगों को उचित मंच पर उठाकर समाधान का प्रयास करेंगे।इस अवसर पर ज्ञापन देने मे विनय बालियान, फुरकान जंग, देवेंद्र, राजेश कुमार, इस्तखार भाटी, आरिफ जंग, राकेश, सोनू जंग, सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

## भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की ओर से मन की बात कार्यक्रम सुना गया

**झांसी।** महानगर में, एनजीओ प्रकोष्ठ की तरफ से मनु बिहार, वार्ड 44, बूथ नंबर 271 में, आज मन की बात के 129 वां कार्यक्रम सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सहसंयोजक श्री मनमोहन गेड़ा मंडल महामंत्री आशीष गुप्ता वार्ड 44 के अध्यक्ष श्री राजकुमार साहू जी बूथ अध्यक्ष सुनील कुमार झा श्री गजेंद्र कुमार सेन राम श्री गुप्ता एमडी गुप्ता कुसुम साहू पल्लवी चतुर्वेदी आरके साहू के साथ-साथ विभिन्न एनजीओ के पदाधिकारी तथा भाजपा के कार्यकर्ता इत्यादि रहे! उक्त जानकारी भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की जिला संयोजक रजनी गुप्ता ने दी।

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया




**वेलकम इंडिया फतेह खान**

**रुदौली अयोध्या।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ नगर अध्यक्ष रूदौली तारिक रुदौलवी, एवं विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस कमेटी रूदौली के संयुक्त नेतृत्व में मनाया गया। तारिक रुदौलवी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वह पार्टी है जिसने महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, लाल बहादुर शास्त्री जैसे महापुरुषों के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी गई। अन्याय, दमन, हिंसा, के विरुद्ध सत्य, अहिंसा, प्रेम भाईचारा को अपना हथियार बनाया। वहीं विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस अबूबकर ने कहा कि आज के दिन 28 दिसंबर 1885 को हमारे देश की सबसे बड़ी व पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की स्थापना हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव एकता अखंडता, एवं विकास के लिए काम किया।

## जिला पंचायत द्वारा निर्मित नाले का हुआ उद्घाटन, ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

**हापुड़।** जनपद हापुड़ की धौलाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मधापुर में जिला पंचायत द्वारा निर्मित नाले का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद नागर ने सम्मानित जिला पंचायत सदस्यगणों के साथ फीता काटकर किया। उद्घाटन इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रमोद नागर ने कहा कि जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का उद्देश्य गांवों की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान करना है। नाले के निर्माण से जल निकासी की समस्या दूर होगी, जिससे बरसात के मौसम में ग्रामीणों को राहत मिलेगी और स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर होगी।जिला पंचायत सदस्यगणों ने बताया कि यह नाला लंबे समय से ग्रामीणों की मांग थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद नागर ने किया सीसी रोड का उद्घाटन



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ की धौलाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिच्छुपुरा में जिला पंचायत द्वारा निर्मित सीसी रोड का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद नागर ने सम्मानित जिला पंचायत सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलने का कार्य कर रहे हैं।

सीसी रोड के निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगी।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर व प्रमोद नागर ने कहा कि जिला पंचायत हापुड़ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आगे भी जनहित में ऐसे विकास कार्य कराए जाते रहेंगे।

# कांग्रेस कार्यकताओं में पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ )।कांग्रेस कार्यकताओं में पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। पार्टी की स्थापना दिवस पर श्याम मार्केट कार्यालय में शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी और आजीवन कांग्रेस पार्टी की विचारधारा पर कार्य करने वाले जगमोहन शर्मा, हरि दत्त कसाना, भिखारी लाल कश्यप और फकीरचंद कश्यप को शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा, जगपाल सिंह चौधरी, शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन, चांद वीर चौधरी, पूर्व प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस अभिनव शर्मा,ने कार्यकताओं को जमीन से जुड़कर कार्य करने और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी जगमोहन शर्मा, शहर अध्यक्ष मोदीनगर बृजेश कुमार सेन, शहर उपाध्यक्ष श्रीओम शर्मा, शहर महासचिव रामकिशन शर्मा, रामकिशन शर्मा (वकील साहब), लक्की कश्यप पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस, राजकुमार अत्री, कल्पना सिंह शहर अध्यक्ष (महिला विभाग), शहर उपाध्यक्ष भिखारी लाल कश्यप, पूर्व प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस अभिनव शर्मा, जरूर खान, फकीरचंद कश्यप, मुकुल शर्मा, ओमपाल शर्मा, मोहित सिंह, संतोष कुमार पांडे, महेश दत्त शर्मा, दिनेश भारद्वाज, हरिदत्त कसाना, सन्नी, आत्म प्रकाश शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर सहकर्मी से दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने सहकर्मी पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और बाद में धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। दर्ज मुकदमे के अनुसार, ज्ञानखंड-दो निवासी युवती एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है। उसी कंपनी में वासु सिंघल भी काम करता था। नौकरी के दौरान दोनों के बीच जान-पहचान हुई, जो धीरे-धीरे नजदीकियों में बदल गई। युवती का आरोप है कि इसके बाद वासु सिंघल अक्सर उसके घर आने-जाने लगा। युवती ने बताया कि 25 मार्च 2024 को होली के दिन वह घर पर अकेली थी। उसी दौरान आरोपित उसके घर आया और शादी का प्रस्ताव रखा। आरोप है कि शादी का भरोसा दिलाकर उसने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए।

# पंजाबी मंच द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ )।पंजाबी मंच एवं कृष्ण इन्वेस्ट बाजार के तत्वाधान में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया, ।इस अवसर पर बोलते हुए मंच के संरक्षक राज ढींगरा ने कहा पंजाबी समाज हमेशा सर्व समाज की भलाई के लिए अग्रसर रहता है और पंजाबी मंच की स्थापना इन्हीं उद्देश्यों को लेकर की गई है। हमारा उद्देश्य जन-जन तक पहुंचना और उनकी सेवाओं के लिए नई योजनाएं बनाकर उसको इंप्लीमेंट करना है। कृष्ण इन्वेस्टर बाजार के डायरेक्टर और पंजाबी मंच के संयोजक ललित अरोड़ा ने कहा हम पंजाबी मंच के साथ जुड़कर और अधिक सामाजिक कार्यों में योगदान देने का प्रयास कर रहे हैं ।मंच के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने बताया की मंच शहर को और अधिक अच्छा बनाने एवं शहर के निवासियों के लिए कई नई योजनाओं पर कार्य कर रहा है मंच का उद्देश्य निरंतर सामाजिक कार्यों में जुटे रहना समाज को आगे बढ़ाने के लिए जो भी कार्यों की आवश्यकता हो उनमें बढ़-चढ़कर भाग लेना है ।इस अवसर पर मंच के महासचिव सुनील चावला जेपी भूटानी सचिव संजीव अरोड़ा रमेश नारंग विजय खुराना विपिन कुमार वर्मा संजीव शर्मा मनोज कुमार गौरव चौहान आशीष शर्मा आशीष गोयल विजेंद्र गुप्ता आलोक जैन दुष्यंत शर्मा अनिल मित्तल पत्रकार अयूब खान अनिल वशिष्ठ राकेश शर्मा वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र कुमार श्याम ढींगरा नितिन जैन लवी ग्रोवर विजय अरोड़ा शिवम कोहली सतीश अरोड़ा कृष्णा अरोड़ा एन के ग्रोवर महिला पंजाबी समाज से सीमा अरोड़ा वंदना अरोड़ा दिव्यांशा अरोरा कविता अरोरा साक्षी अरोरा आदि उपस्थित थे।

# भाजपा के नव-निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ )। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नव-निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के मेरठ में प्रथम आगमन के अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं मातृशक्ति के साथ मिलकर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया ।इस अवसर पर विशेष रूप से महिला कार्यकताओं एवं मातृशक्ति की उत्साहपूर्ण एवं सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। भाजपा के झंडों के साथ उपस्थित महिलाओं ने संगठन की सशक्तता, अनुशासन एवं जनसमर्थन को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का यह प्रथम आगमन संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा, दिशा एवं मजबूती मिलेगी—ऐसा विश्वास सभी कार्यकताओं के उत्साह से स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।स्वागत करने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, विधायक डॉ मंजू शिवाच, भाजपा जिला अध्यक्ष चेन पाल सिंह,ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सतवीर राघव, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, वरिष्ठ नेता सत्येंद्र त्यागी, पूर्व अध्यक्ष अशोक महेश्वरी, अध्यक्ष नगर पंचायत निवाड़ी अनिल त्यागी,जयप्रकाश शर्मा, दिनेश सिंघल, अमित चौधरी; देवेंद्र चौधरी डायमंड, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य स्वतंत्र त्यागी, पूर्व ब्लाक प्रमुख विपिन चौधरी,आदित्य राज सिंह, वरिष्ठ नेता संजय त्यागी, यतीश त्यागी, सचिन त्यागी, मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय भदोला, नरेश अमराला आदि कार्यकर्ता थे।

# मातृभूमि सेवा संघ द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ )। मातृभूमि सेवा संघ द्वारा गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मातृभूमि सेवा संघ के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विकास भारतीय ने कहा कि चार साहिबजादों का बलिदान धर्म, सत्य, साहस और राष्ट्र धर्म की अमर परंपरा है। उन्होंने कहा कि विश्व इतिहास में यह उदाहरण विरल है जहाँ 7, 9, 14 और 18 वर्ष के बालकों ने धर्म की रक्षा हेतु हँसते-हँसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने बताया कि बाबा अजीत सिंह जी और बाबा जुझार सिंह जी ने चमकौर के युद्ध में अत्याचार के विरुद्ध वीरगति पाई, जबकि बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी ने दीवारों में चुन दिए जाने के बाद भी धर्म नहीं छोड़ा। विकास भारतीय ने कहा कि यह बलिदान केवल सिख समाज का नहीं, बल्कि समूचे भारत माता के आत्मसम्मान का प्रतीक है।

# आदर्श जनता इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ )। आदर्श जनता इंटर कॉलेज फरीदनगर में वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती डॉक्टर मंजू शिवाच, विशिष्ट अतिथि श्रीचंद शर्मा शिक्षक विधायक मेरठ सहारनपुर मंडल एवं अरविंद अग्रवाल संरक्षक उद्योग व्यापार मंडल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट एस सी गुप्ता द्वारा की गई। प्रबंधक सुरेश कुमार गोयल ने विद्यालय की व्यवस्थाओं ए० आवश्यकताओं को अतिथियों को बताया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह तोमर सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया एवं विद्यालय की शैक्षणिक एवं खेलकूद की उपलब्धियां से सभी को अवगत कराया और साज सज्जा के लिए अशोक कुमार केन की प्रशंसा की । सुशील कुमार, विजयानन्द मलिक एवं हरविंदर सिंह के द्वारा इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन भी कराया गया। प्रबंध समिति के द्वारा विद्यालय के शिक्षक प्रेम चौधरी को उत्कृष्ट समन्वयकर्ता का स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रमोद कुमार सोम,प्रेम चौधरी, नगेंद्र कुमार द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में अपने-अपने विषय में इंटर बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह,प्रशस्ति पत्र एवं नगद धनराशि देकर उत्साह वर्धन किया गया।

# साहिबजादों के बलिदान के उपलक्ष्य भव्य कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर** ( अनिल वशिष्ठ )। आर्य समाज मंदिर, गोविन्दपुरी में महान राष्ट्रभक्त, भारतीय शुद्धि अभियान के सूत्रधार, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय हदिर के संस्थापक अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द का 99 वाँ बलिदान दिवस व देश, धर्म व संस्कृति की रक्षा हेतु सर्वस्व न्योछावर करने वाले गुरु गोविन्दसिंह के साहिबजादों के बलिदान के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आर्यसमाज गोविन्दपुरी के प्रधान डा दिनेश मलिक के ब्रहमतव में यज्ञ हुआ। तत्पश्चात बड़ौत से पधारे प्रसिद्ध भजनोपदेशक पं वेदपाल आर्य के राष्ट्रभक्ति, ईश भक्ति व स्वामी श्रद्धानन्द व गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादों के संस्मरण सहित कई भजन सुनाए। कार्यक्रम आर्य समाज के मंत्री विश्वबन्धु सचदेवा ने सभी श्रोताओं का आभार प्रकट किया जिन्होंने इतनी ठण्ड होने पर भी कार्यक्रम को सफल बनाया व भजनों का रसास्वादन किया। कार्यक्रम के उपरान्त लंगर की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष सुनील भाटिया, डा. रमेशचन्द्र भाटिया, अजय गर्ग आनन्द त्यागी राजेश योगीराज, फकीरचन्द्र त्यागी, कालूराम, महिला आर्यसमाज की मन्त्राणी अनीता भाटिया, नूतन मलिक आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# श्रीगुरु गोबिंद सिंह की जयंती मनाई ,लंगर का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**मुरादनगर,**( अनिल वशिष्ठ )। आयुध निमार्णी फैक्टरी मार्ग स्थित गुरु सिंह गुरुद्वारा में रविवार को श्रीगुरु गोबिंद सिंह की जयंती मनाई गई। गुरुद्वारा सचिव दर्शन सिंह ने बताया कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्म पटना साहिब में हुआ था। उनके पिता श्री गुरु तेग बहादुर जी सिखों के नौवें गुरु थे, जिन्होंने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। माता गुजरी जी ने गुरु गोबिंद सिंह जी को संस्कार, साहस और करुणा की शिक्षा दी। बाल्यकाल से ही गुरु गोबिंद सिंह जी असाधारण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने संस्कृत, फारसी, ब्रज और पंजाबी भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया। वे कुशल धनुर्धर, तलवारबाज और रणनीतिकार भी थे। मात्र नौ वर्ष की आयु में वे सिखों के गुरु बने और उस समय देश सामाजिक अन्याय, धार्मिक उत्पीड़न और अत्याचार से जूझ रहा था। गोबिंद सिंह जी सिख धर्म के 10वें सिख गुरु थे, जिन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की थी। साथ ही उन्होंने खालसा पंथ की रक्षा के लिए मुगलों से 14 बार युद्ध भी किया था। उन्होंने कहा था कि मनुष्य की सारी जातियां एक ही हैं, सबको एक समान मानना चाहिए। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने कहा है कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। मोदीनगर से आए रागी जत्थे में बीबी गुरमीत कौर ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। ज्ञानी अमरजीत सिंह ने अरदास की। इस अवसर पर लंगर का आयोजन किया गया। सचिव दर्शन सिंह, ओंकार सिंह, गगनदीप सिंह, जरनैल सिंह,तरन तारन सिंह, टोनी, हरभजन सिंह, मंजू सिंह, हरजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, जसविंदर कौर, सुरिंदर कौर, सोनी, हरमनजीत सिंह, मनराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## एसबीकेएफ नेशनल गेम्स में अजय प्रमुख का शानदार प्रदर्शन, यूपी को दिलाया गोल्ड

**गाजियाबाद।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में 26 से 28 दिसंबर (रविवार) तक आयोजित एस.बी.के.एफ 13वीं नेशनल गेम चैंपियनशिप 2025 में उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए अजय प्रमुख ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश और जनपद का नाम रोशन किया। अजय प्रमुख ने 200 मीटर दौड़ में 32 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं 100 मीटर दौड़ में 14 सेकेंड के साथ रजत पदक हासिल किया। अजय प्रमुख का यह प्रदर्शन उनके लंबे और सफल खेल करियर का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। इससे पहले भी वे उत्तर प्रदेश स्टेट चैंपियनशिप में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीत चुके हैं। इसके अलावा दिल्ली स्टेट मास्टर चैंपियनशिप में भी उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

# वोट बचेगा तभी राष्ट्र बचेगा और तभी धर्म बच पाएगा : वरुण शर्मा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद:(सुमित सोरेन)** कौशांबी में शनिवार रात धर्म,राष्ट्र और लोकतंत्र के समागम की रही जब श्री केसरी नंदन सेवा समिति द्वारा प्राचीन सनातन धर्म मन्दिर कौशांबी में आयोजित सुंदरकांड के पाठ में समिति के सदस्य वरुण शर्मा ने बताया की किस तरह धर्म और राष्ट्र को बचाने के लिए हम सब भारतवासियों का विशेषकर हिंदुओं का वोट बनना जरूरी है। वर्तमान में चल रहे रकफ अभियान और नये वोट बनने के अभियान में बड़ी भूमिका निभाने वाले वरुण शर्मा ने बताया की हाल ही में बांग्लादेश में हिंदुओ के प्रति हुए अति हिंसक घटनाओ ने हिंदुओ के लिए चेतावनी का काम किया हैं। हिंदू इस धरती का पुत्र हैं। इस राष्ट्र की मूल पहचान सनातनी हैं और इस समय केंद्र में एक मजबूत राष्ट्रवादी सरकार हैं और वो बनी रहे इसके लिए सभी राष्ट्रवादी बंधुओ को अपने वोट अवश्य बनवाने चाहिए। शिकारपुर, बुलंदशहर से आई सुंदरकांड समिति में मुख्य गायक राजेश शर्मा जी सहित श्री आनंद स्वरूप शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा,विजय डागुर,यश शर्मा साथियों ने सभी भक्तों को संगीतमय सुंदरकांड की यात्रा में झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर श्री केसरी नंदन सेवा समिति से कमल ओबेरॉय, शिव भरद्वाज, उमाशंकर शर्मा, अशोक परवाल सहित समाज से डॉ आचार्या कृति शर्मा,मंजु शर्मा,बीना भरद्वाज, नीरू जोशी,किशन चंद जोशी, प्रतिभा त्यागी, रमणीक, सुधीश अग्रवाल, सुशील चौहान,बिजेंद्र,जे के सिंह, टी के भौमिक,मुदित शर्मा, श्रीधर,मंजु कपूर, सुनीता गुप्ता, सौम्या राय, सुमित राय, नेहा सेल्ही,निश्चल सेल्ही, अमन गुप्ता, स्नेहलता,किरण दुआ, डॉली, शुभेंदु हरि, स्नेह कम्पानी, सांवरमल गोयल,पल्लवी अग्रवाल, मानसी मनचंदा, अंजलि,रीमा कुमार, मधु गुप्ता, टी एस अस्थाना, बी के मल्होत्रा, मधु महाजन, हरीश महाजन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का ऐतिहासिक स्वागत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं भारत सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के गाजियाबाद में प्रथम आगमन पर रविवार को अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। भाजपा महानगर इकाई की ओर से यूपी गेट स्थित मैक्स हॉस्पिटल के सामने और एनएच-24 पर इनमेंटेक कॉलेज के निकट भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां ढोल-नगाड़ों की गूंज, पुष्प वर्षा और बुलडोजर से फूलों की बारिश के बीच हजारों कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान उमड़े जनसैलाब, अनुशासन और जोश ने संगठन की ताकत का प्रदर्शन किया। स्वागत की भव्यता और कार्यकताओं के उत्साह को देखकर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने इसे आगामी 2027 के चुनावी विजय रथ की स्पष्ट झलक बताया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद का यह दृश्य भाजपा संगठन की मजबूती और जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गाजियाबाद की संगठनात्मक शक्ति यह दशार्ती है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास, सुशासन और जनविश्वास की जो मजबूत नींव पड़ी है, वही 2027 में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का आधार बनेगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि यह भव्य स्वागत संगठन की एकजुटता और अनुशासन का प्रमाण है, जबकि महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने इसे हर कार्यकर्ता के सम्मान का प्रतीक बताया और कहा कि महानगर संगठन पूरी मजबूती के साथ पार्टी के संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तत्पर है।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गाजियाबाद की धरती से दिखे उत्साह को आने वाले समय में भाजपा की ऐतिहासिक विजय का संकेत बताया। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह स्वागत संगठन और सरकार के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास को दशार्ता है।

# महिला योग शक्ति दिवस व केंद्र रजत जयंती को धूमधाम से मनाया

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद भारतीय योग संस्थान द्वारा दिल्ली में महिला योग शक्ति दिवस व केंद्र रजत जयंती को धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर फरीदाबाद की यामिनी टीम ने लघु नाटिका तथा गाजियाबाद की अलका बाटला टीम ने अत्यंत आकर्षक महिला शक्ति नृत्य प्रस्तुत किया लगभग 4000 योग साधक और साधिकाओं ने गीत कविता आदि कार्यक्रमों का आनंद लिया उल्लेखनीय है कि वैश्विक योग की दुनिया में अपना परचम लहराने वाले भारतीय योग संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देशराज जी को प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय योग संस्थान को सर्वश्रेष्ठ योग संस्था बताते हुए राष्ट्रीय योग अवार्ड 2025 से पुरस्कृत किया गया है कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति अखिल भारतीय प्रधान देशराज जी ने महिला रोग पर प्रकाश डालते हुए उसके कारण व निवारण बताते हुए दिनचर्या में योग को शामिल करके रोगों से बचकर स्वस्थ रहने के तरीकों पर प्रकाश डालकर अच्छा जीवन जीने की विधि को विस्तार पूर्वक समझाया। इसी क्रम में गाजियाबाद के नेहरू नगर में भी महिला शक्ति दिवस मनाया गया जिसमें प्रत्येक योग केंद्र ने महिलाओं की शक्ति को अलग-अलग तरीके से दशार्ते हुए कविता ,मधुर गीत प्रस्तुत करते हुए नृत्य के माध्यम से द्वापर युग ,त्रेता युग तथा सतयुग को सुंदर तरीके से दशार्या गया सभी कार्यक्रम दिल्ली प्रांत2 के प्रधानयोगेशशर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुए मीडिया प्रभारी शालिनी दत्त ने बताया की इस अवसर पर दिल्ली प्रांत 2की संगठन मंत्री रेखा जोशी ,सुरेश गुप्ता, सरोज सभरवाल, हेम अग्रवाल ,रागिनी, सुधा ,सीमा, रंजन सेंगर ,सरला सागर ,शिक्षा चौधरी ,पिंकी ,पूनम, अंजू, ईशा, बीना, रनजीका, कार्यक्रम में शामिल हुई कार्यक्रम की एंकरिंग अलका बाटला के द्वारा की गई तथा इस अवसर पर 250 साधिकाओं के द्वारा समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। राजनगर सेक्टर 2 के ओंकारेश्वर मंदिर प्रांगण में भी केंद्र की रजत जयंती मनाते हुए गीत नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए राष्ट्रीय महामंत्री ललित गुप्ता ने योग में भोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भोजन को ग्रहण करने की विधि से अवगत कराते हुए स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराया तथा आज्ञा चक्र पर ध्यान लगवाते हुए सुंदर तरीके से ध्यान कराया योगेशशर्मा ने प्राणायाम कराये कार्यक्रम में सभी योग अधिकारी ,साधक ,साधिकाओं तथा छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया






## खेत में युवक की लाश मिलने से सनसनी, सिर पर वार कर हत्या की आशंका

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र में रविवार को एक खेत में युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। खेत में पड़ी लाश पर चोट के स्पष्ट निशान थे, जिससे प्रथम द्दष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि हत्यारों ने युवक की बेरहमी से हत्या करने के बाद शव को खेत में फेंक दिया और फरार हो गए। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा भरते हुए आसपास से साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। खेत और उसके आसपास के इलाके को खंगालकर अहम सुराग तलाशे जा रहे हैं। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, जिससे मामले की जांच में दिक्कतें आ रही हैं। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से एक खून से सना हथौड़ा भी बरामद हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि इसी हथौड़े से युवक के सिर पर वार कर उसकी हत्या की गई है। पुलिस का मानना है कि शव की शिनाख्त होने के बाद ही हत्या के पीछे की वजह और हत्यारों तक पहुंचने का रास्ता साफ हो पाएगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। आसपास के गांवों और थानों में गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान भी कराया जा रहा है। युवक की पहचान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इस जघन्य हत्याकांड से जुड़े और तथ्य सामने आने की उम्मीद है।

## ठंड से बचाव के लिए निगम ने गौशाला में की विशेष तैयारियां

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शहर में बढ़ती ठंड और कोहरे को देखते हुए नगर निगम ने निराश्रितों और बेसहारा पशुओं के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। नगर निगम ने न केवल शहर के रैन बसेरों में लोगों के लिए सुविधाओं को बढ़ाया है, बल्कि गौशाला नंदी पार्क में भी गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए कई व्यवस्थाएं लागू की हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर गौशाला में छोटे गोवंशों को झूल पहनाकर ठंड से बचाया जा रहा है। इसके अलावा, सुबह और शाम अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है, जिससे पशु ठंड में गर्म रह सकें। अलाव के पास छोटे और युवा जानवरों को विशेष रूप से रखा जाता है ताकि उन्हें ठंड का ज्यादा असर न हो। गौशाला में खाने में गुड़ की मात्रा भी बढ़ाई गई है, जिससे गोवंशों को ऊर्जा मिलती रहे और उनका स्वास्थ्य मजबूत बना रहे। अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव और पशु चिकित्सा अधिकारी आशीष त्रिपाठी की देखरेख में यह व्यवस्था की जा रही है। अधिकारी प्रतिदिन गौशाला का निरीक्षण कर रहे हैं और आवश्यकता अनुसार संसाधनों में सुधार कर रहे हैं। शहर में बेसहारा पशु, जैसे सड़क पर घूमते गाय-बैल और अन्य जानवरों को भी नंदी पार्क लाकर सुरक्षित किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि शीत लहर और कोहरे के बीच यह कदम पशुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। नगर आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे बेसहारा और बेजुबान पशुओं की देखभाल में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में न केवल लोगों की बल्कि पशुओं की भी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हम चाहते हैं कि नागरिक भी अस्थाई झोपडियों, अलाव और



भोजन की व्यवस्था करके इन पशुओं की मदद करें। गौशाला में तिरपाल की व्यवस्था की गई है, ताकि पशु बारिश या तेज हवाओं से सुरक्षित रह सकें। वहीं अलाव और खाने में गुड़ का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। झूल की व्यवस्था छोटे गोवंशों के लिए खास तौर पर की गई है। अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर रहे हैं कि यह व्यवस्था लगातार बनी रहे और किसी पशु को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

नगर निगम ने यह भी सुनिश्चित किया है कि जरूरत पडे पर अन्य स्थानों से भी बेसहारा गोवंश और श्वान नंदी पार्क में लाए जा सकें। इससे न केवल उनका जीवन सुरक्षित रहेगा, बल्कि वे भोजन और गर्म वातावरण की सुविधा का लाभ भी उठा सकेंगे। शहर में लगातार निगरानी और देखभाल के लिए अधिकारी समय-समय पर पार्क और अन्य स्थानों का दौरा कर रहे हैं। नगर निगम ने कहा है कि इस ठंड में केवल नंदी पार्क ही नहीं, बल्कि शहर के सभी रैन बसेरों और अस्थाई आश्रय स्थलों में भी पशुओं के लिए सुरक्षित और गर्म वातावरण बनाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, बेसहारा श्वानों और अन्य जानवरों के लिए भी अलाव, भोजन और तिरपाल की व्यवस्था की जा रही है।

## कांग्रेस के 144वें स्थापना दिवस पर गाजियाबाद में गूंजा आजादी का संकल्प

**गाजियाबाद।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 144वां स्थापना दिवस रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने की। इस अवसर पर कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में उसके योगदान और संविधान के मूल्यों को याद करते हुए पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने लोकतंत्र व समानता के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत से हुई। इसके बाद स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में वरिष्ठ कांग्रेसजनों को सफेद टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात ध्वज गीत गाया गया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को आईसीएस अधिकारी ऐलन ऑक्टेवियन ह्यूम ने शिक्षित भारतीयों के बीच नागरिक और राजनीतिक संवाद के मंच के रूप में की थी।

# राजनगर सेक्टर 10 के चौराहे पर कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ







**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** राजनगर सेक्टर 10 के चौराहे पर आज सुबह कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम के आयोजन श्री राजीव त्यागी जी नवादा सेक्टर 9 वाले अमरीश त्यागी जी राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री वीरेंद्र सारस्वत जी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष ,भूपेंद्र चित्तौड़िया जी एडवोकेट सनातन धर्म मंदिर उपाध्यक्ष, आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर निगम के डिप्टी मेयर भाई प्रवीण चौधरी जी राज नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री डीके गोयल जी उपस्थित रहे कार्यक्रम में सभी आने वाले आगंतुकों को गरमा गरम चाय रस के साथ पिलाई गई

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण से ब्राह्मण समाज की गरिमा पुनः प्रतिष्ठितः बीके शर्मा हनुमान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण ब्राह्मण समाज के गौरव, गरिमा और उसकी ऐतिहासिक भूमिका को पुनः प्रतिष्ठित करने वाला कदम है। यह लोकार्पण पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर किया गया, जो अपने आप में ऐतिहासिक और प्रेरणादायी है। बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल देश की तीन महान विभूतियों—एक देश, एक विधान और एक निशान के उद्घोषक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय तथा सुशासन को मूर्त रूप देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति और विरासत को समर्पित है। ये तीनों ही महापुरुष ब्राह्मण समाज से थे और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। पहली बार ब्राह्मण समाज की तीन-तीन महान विभूतियों को एक साथ ऐसा सम्मान दिया गया है, जो भारत के गौरवशाली इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित होगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल किसी समाज विशेष का नहीं, बल्कि भारत की ज्ञान परंपरा, संस्कृति, शिक्षा, नैतिकता, देशभक्ति और त्याग की उस परंपरा का सम्मान है, जिसने राष्ट्र को दिशा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस लोकार्पण के माध्यम से ब्राह्मण समाज की उस भूमिका को रेखांकित किया है, जो सदैव समाज और राष्ट्र को सही मार्ग दिखाने का कार्य करता रहा है। इसके लिए संपूर्ण ब्राह्मण समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभारी है। बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि ब्राह्मण का अर्थ किसी संकीर्ण जातिगत दायरे में सीमित नहीं है। जो ब्रह्म, अर्थात परम सत्य को जान ले और समाज, देश व विश्व में ज्ञान, धर्म, संस्कृति, आध्यात्म और नैतिकता का प्रकाश फैलाए, वही ब्राह्मण है। ब्राह्मण समाज, देश और विश्व को दिशा देने वाला होता है और मानव को भटकाव से बचाकर सदमार्ग पर ले जाने का कार्य करता है।



# एक्सप्रेस-वे पर उतार-चढ़ाव की मांग को लेकर भाकियू का आर-पार का ऐलान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के पांचवें चरण के तहत निमार्णाधीन गोल चक्कर के पास तलहैटा गांव में रविवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और किसानों ने पंचायत कर बड़ा ऐलान किया। पंचायत में स्पष्ट किया गया कि जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा और एनएचएआई से आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। किसानों की प्रमुख मांग है कि ग्रामीणों के लिए एक्सप्रेस-वे पर सुरक्षित उतार-चढ़ाव का रास्ता उपलब्ध कराया जाए। उनका कहना है कि रास्ता न होने के कारण गांवों का संपर्क बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही किसानों ने एक्सप्रेस-वे के समानांतर कराए जा रहे खनन पर भी गंभीर सवाल उठाए। आरोप है कि खनन के कारण करीब दस फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे खेतों तक पहुंचने वाला रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया है। किसानों का कहना है कि इसी मार्ग से वे रोजाना अपने खेतों पर जाते हैं, लेकिन गहरे गड्ढों के चलते अब वहां पहुंचना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह खनन एक्सप्रेस-वे के ठेकेदारों की ओर से कराया जा रहा है, जिससे किसानों की खेती और रोजमर्रा की आवाजाही पर सीधा असर पड़ रहा है।



# फॉर्च्यून रेजिडेंसी सोसायटी में डिफाल्टर सूची नहीं जारी होने पर निवासियों में रोष

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित फॉर्च्यून रेजिडेंसी सोसायटी के निवासियों का धैर्य अब जवाब दे गया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2025 की डिफाल्टर सूची लगातार समय पर जारी न होने और अध्यक्ष-सचिव की कथित लापरवाही के कारण रविवार को स्थानीय निवासियों ने हाथों में बैनर लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी निवासियों का कहना है कि सोसायटी में कुछ ऐसे सदस्य हैं, जो सभी सुविधाओं का लाभ उठाते हुए भी मेंटेनेंस और बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इस स्थिति में डिफाल्टरों की सूची सार्वजनिक करना आवश्यक था, ताकि बाकी निवासियों की परेशानी और असमंजस दूर हो सके। स्थानीय निवासियों ने बताया कि डिफाल्टर सूची की मांग पहले भी ई-मेल, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के माध्यम से कई बार की गई, लेकिन अध्यक्ष और सचिव द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। 'हमने कई बार अनुरोध किया, लेकिन सोसायटी के एओए की लापरवाही के कारण सूची अब तक जारी नहीं की गई। यही वजह है कि आज हम सड़क पर उतरकर अपनी मांग जता रहे हैं,'ज्हृदय रोग से पीड़ित एक निवासी ने बताया। प्रदर्शनकारी निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि अगले एक सप्ताह के अंदर डिफाल्टर सूची जारी नहीं की गई, तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अध्यक्ष और सचिव अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे हैं और उनकी लापरवाही के कारण सोसायटी में पारदर्शिता और विश्वास दोनों प्रभावित हो रहे हैं। निवासियों ने कहा कि डिफाल्टर सूची न केवल बाकी सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि यह सोसायटी में अनुशासन और जवाबदेही बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है।

